इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 | अंक -266 | राजनांदगांव, मंगलवार 13 अगस्त 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# आईएमए ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को लिखा पत्र, सामने रखीं तीन प्रमुख मांगें; आज भी हड़ताल रहेगी जारी

नई दिल्ली। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की द्वितीय वर्ष की पीजी छात्र नृशंस हत्या मामले में भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) ने पश्चिम बंगाल सरकार से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों को दंडित करने की मांग की है। आईएमए ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को पत्र लिखकर अपराध को संभव बनाने वाली स्थितियों की विस्तृत जांच करने और कार्यस्थल पर डॉक्टरों विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा में सुधार के लिए कदम उठाने की मांग की। आईएमए ने इन मांगों पर दो दिन का अल्टीमेटम दिया था।



आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर की यौन शोषण के बाद हत्या कर दी गई थी।

### सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग

आईएमए ने पत्र लिखा, हम आपके समक्ष सुरक्षित क्षेत्र, सुरक्षा उपाय और हिंसा पर रोकथाम के उपाय के रूप में केंद्रीय कानून की मांग करते हैं। हमें उम्मीद है कि आप बिगड़ती जमीनी स्थिति के मद्देनजर हमारी मांगों पर अनुकूल रूप से विचार करेंगे। रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अविरल माथुर ने भी केंद्रीय एजेंसी से जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि हड़ताल की यथास्थिति मंगलवार को भी जारी रहेगी। बता दें कि नौ अगस्त को कोलकाता के

### केंद्रीय मंत्री नड्डा से मिले डॉक्टर

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अविरल माथुर ने कहा कि मंत्रालय ने आज हमें कुछ बिंदुओं पर चर्चा करने के लिए बुलाया था। हम वहां दो घंटे से अधिक समय तक रहे। हमने केंद्रीय मंत्री की कोर टीम के साथ कई सत्रों में अपनी मांगों पर चर्चा की।

### एसोसिएशन की यह प्रमुख मांगें

*0 मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को सजा मिले।*

*0 अपराध को संभव बनाने वाली परिस्थितियों की विस्तृत जांच हो।*

*0 कार्यस्थल पर डॉक्टरों, खासकर महिलाओं की सुरक्षा में सुधार के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं।*

### परिवार को उचित मुआवजा मिले

अविरल माथुर ने कहा कि हमारी मांग है कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज की जांच केंद्रीय एजेंसी से कराई जाए और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा मिले। ऐसी घटना दोबारा न हो, इसके लिए केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा संरक्षण अधिनियम में एक व्यवस्थित समय सीमा बनाई जानी चाहिए। हमें सिर्फ वादे नहीं चाहिए। वे कुछ मांगों से सहमत दिखे और कुछ के प्रति झिझक रहे थे। कोई नतीजा नहीं निकला। सभी अस्पतालों के सदस्य यहां मौजूद हैं। अब हम आम सभा करेंगे। हड़ताल की यथास्थिति जारी रहेगी। हम कल भी अपनी वैकल्पिक सेवाएं बंद रखेंगे।

# आखिरकार युनूस सरकार ने मांगी माफी, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचार को लेकर जताया खेद

ढाका। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमलों और मंदिरों की तोड़फोड़ के लिए सरकार ने माफी मांगी है। गृह मंत्रालय के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल (रिटायर्ड) मुहम्मद सखावत हुसैन ने कहा कि पिछले हफ्ते हुई हिंसा में बहुत से स्थानों पर हिंदुओं पर हमले हुए, उसके लिए सरकार को खेद है। इस हिंसा में जिन लोगों को नुकसान हुआ और जो मंदिर तोड़े या जलाए गए हैं उनकी क्षतिपूर्ति और निर्माण के लिए सरकार आर्थिक सहायता देगी।




### पीड़ित समुदायों के प्रमुख लोगों से मिलेंगे यूनुस

अंतरिम प्रधानमंत्री मुहम्मद यूनुस मंगलवार को हिंसा से पीड़ति समुदायों के प्रमुख लोगों से मिलेंगे। उन्होंने भी अल्पसंख्यकों को पूरी सुरक्षा का भरोसा दिया है। इस बीच पुलिसकर्मियों ने हड़ताल खत्म कर ड्यूटी पर लौटने का एलान किया है। इसके चलते नागरिक ठिकानों पर तैनात सेना वापस बैरकों में चली गई है।

बांग्लादेश में प्रधानमंत्री पद से शेख हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर चार, पांच और छह अगस्त को भारी हिंसा हुई थी। इस हिंसा में उपद्रवियों के निशाने पर सरकारी इमारतों के अतिरिक्त अवामी लीग के नेता और हिंदू थे। इस दौरान हिंदुओं के मकानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और मंदिरों पर बड़े पैमाने पर हमले हुए। इन हमलों में दो लोग मारे गए और 45 घायल हुए। इन हमलों की पूरे विश्व में निंदा हुई है।

### हर्षोल्लास से किए जाएंगे आयोजन

सखावत हुसैन ने कहा, जन्माष्टमी, दुर्गा पूजा और अन्य पर्वों पर सरकार की ओर से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जाएंगे जिससे हर्षोल्लास से सभी आयोजन किए जा सकें। सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में धार्मिक मामलों का मंत्रालय संभाल रहे एएफएम खालिद हुसैन ने कहा है कि वर्तमान सरकार (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# हिंडनबर्ग के आरोपों को भाजपा ने बताया कांग्रेस की साजिशः कंगना रनौत बोलीं- 'राहुल गांधी सबसे खतरनाक और विनाशकारी आदमी'



नई दिल्ली। अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग की ताजा रिपोर्ट के बाद भारत में सियासी बवाल मचा है। सोमवार को हिमाचल प्रदेश के मंडी से सांसद और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस एमपी राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है। हिंडनबर्ग केस में राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कंगना ने उन्हें 'सबसे खतरनाक, जहरीला और विनाशकारी आदमी' बता दिया।

कंगना रनौत ने एक्स पर लिखा, 'राहुल गांधी सबसे खतरनाक आदमी हैं। वह कड़वे, जहरीले और विनाशकारी हैं। उनका एजेंडा है कि अगर वह प्रधानमंत्री नहीं बन सकते, तो इस देश को बर्बाद भी कर सकते हैं।' एक्ट्रेस ने आगे लिखा, 'राहुल गांधी कल रात से हिंडनबर्ग रिपोर्ट का समर्थन कर रहे थे, जो अब बेकार साबित हुई है। वह इस देश की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। राहुल जी, जीवन भर विपक्ष में बैठने के लिए तैयार हो जाइए। इस देश के लोग कभी आपको अपना नेता नहीं बनाएंगे। तुम कलंक हो।' भाजपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले में अपना पक्ष रखा। पार्टी सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा, भारत के लोगों द्वारा ठुकराए जाने के बाद कांग्रेस पार्टी, उसके सहयोगियों और टूलकिट गिरोह ने मिलकर भारत में आर्थिक अराजकता और अस्थिरता लाने की साजिश रची है।

# डॉक्टर के रेप-मर्डर का मामले में ममता बनर्जी की चेतावनी - रविवार तक नहीं सुलझा मामला तो सीबीआई को सौंपेंगे केस

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में जूनियर डॉक्टर के रेप-मर्डर केस को लेकर कड़ा रुख दिखाया है। पश्चिम बंगाल की सीएम ने कहा है कि अगर कोलकाता पुलिस रविवार तक जूनियर डॉक्टर के रेप-मर्डर केस को नहीं सुलझा पाती है, तो केस की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दी जाएगी। यह बयान ऐसे समय में आया है जब पूरे देश में डॉक्टर्स की हड़ताल हो रही है। यह मामला तेजी से तूल पकड़ रहा है। ममता बनर्जी ने इसे गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि पुलिस, डॉग स्क्वाड और फॉरेंसिक विभाग ने जांच शुरू कर दी है।



### पूरे देश में घटना के खिलाफ हो रहा है प्रदर्शन

रेप-मर्डर केस के विरोध में फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल की घोषणा की है। देशभर के डॉक्टर्स इस मामले को लेकर काफी गुस्से में हैं और उन्होंने कई शहरों में प्रदर्शन किए हैं। उनकी मुख्य मांगों में सीबीआई जांच और त्वरित न्यायालय का गठन शामिल है। इस हड़ताल के कारण चिकित्सा सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, और डॉक्टर्स का कहना है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### पश्चिम बंगाल के अस्पतालों मे बढ़ाई गई सुरक्षा

कोलकाता पुलिस ने अस्पतालों में सुरक्षा को बढ़ाने के लिए नए कदम उठाए हैं। पुलिस उपायुक्त (उत्तर), अभिषेक गुप्ता ने बताया कि अब अस्पताल में प्रवेश करने वाले सभी व्यक्तियों के नाम एक रजिस्टर में दर्ज किए जाएंगे। इसके अलावा, गार्ड्स को पहचान पत्र दिए गए हैं, जो उन्हें ड्यूटी के दौरान हमेशा पहनने होंगे। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके और अस्पताल परिसर में सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने दिया इस्तीफा

आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के प्रिंसिपल संदीप घोष ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल के बीच अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। घोष ने इस्तीफा देने के बाद कहा कि वह सोशल मीडिया पर हो रही बदनामी से आहत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मृतक डॉक्टर उनके लिए बेटी के समान थी, और इस घटना ने उन्हें गहरा दुख पहुंचाया है। सफदरजंग अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के संयुक्त सचिव, डॉ. नितिन पंवार ने बताया कि आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बड़ी राहत! खाने-पीने की चीजों के दाम घटे, 59 महीने के निचले स्तर पर पहुंची खुदरा महंगाई



नई दिल्ली। महंगाई के मोर्चे पर राहत की बड़ी खबर आई है। ईंधन एवं बिजली की कीमतों में पांच फीसदी से ज्यादा की गिरावट के कारण जुलाई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति की दर घटकर 3.54 प्रतिशत पर आ गई है जो 59 महीने का निचला स्तर है। खास बात यह है कि खाद्य महंगाई भी बड़ी गिरावट के साथ 5.42 प्रतिशत पर रही जो जून 2023 के बाद सबसे कम है। इसकी प्रमुख वजह सब्जियों के दाम में अपेक्षाकृत कम बढ़ोतरी है।

सरकार द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में साल-दर-साल आधार पर दालों एवं उनसे बने उत्पादों के दाम 14.77 प्रतिशत बढ़े। अनाज और उनके उत्पाद एक साल पहले के मुकाबले 8.14 प्रतिशत और सब्जियां 6.83 प्रतिशत महंगी हुईं। अंडों के दाम 6.76 फीसदी बढ़े जबकि मांस और मछलियों की कीमतों में 5.97 प्रतिशत की वृद्धि हुई। महंगाई दर में नरमी का मुख्य कारण सब्जियों की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी में ठहराव रहा। पिछले कई महीनों से सब्जियों की महंगाई दर लगातार काफी ऊंचे स्तर पर रही थी।

### केंद्र सरकार के लिए राहत भरी खबर

इसके अलावा ईंधनों की कीमतों में नरमी का असर भी महंगाई दर पर दिखा है। आंकड़ों में बताया गया है कि ईंधन एवं बिजली के दाम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# यूपी में उपचुनाव : कांग्रेस ने सभी दस सीटों पर बनाए प्रभारी, राहुल को छोड़ बाकी सभी सांसदों को दी गई जिम्मेदारी

लखनऊ। यूपी में होने वाले उपचुनावों के लिए कांग्रेस ने सभी दस सीटों के लिए प्रभारी घोषित कर दिए हैं। यूपी से कांग्रेस के छह सांसदों में राहुल गांधी को छोड़कर बाकी पांच सांसदों को किसी न किसी सीट पर प्रभारी बनाया गया है। अमेठी से सांसद केएल शर्मा को कानपुर की सीसामऊ सीट का प्रभारी बनाया गया है। मीरापुर सीट पर सहारनपुर से सांसद इमरान मसूद को प्रभारी बनाया गया है।



सीतापुर के सांसद राकेश राठौर कुन्दरकी सीट पर प्रभारी बनाया गया है। बाराबंकी से सांसद तनुज पुनिया को गाजियाबाद सीट का प्रभारी बनाया गया है। फूलपुर सीट पर इलाहाबाद से सांसद उज्जवल रमण सिंह को प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह मंझवा सीट पर विधायक वीरेंद्र सिंह और कटेहरी सीट पर पूर्व सांसद नसीमुद्दीन सिद्दकी को पार्टी ने प्रभारी बनाया है।

अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर पार्टी ने प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह को प्रभारी नियुक्त किया है। खैर सीट पर राजकुमार रावत तो करहल सीट पर फतेहपुर सीकरी सीट के प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है। इसके पहले आज ही सपा द्वारा प्रदेश की छह सीटों पर प्रभारियों की घोषणा की गई थी।

### सपा ने बनाए छह सीटों पर प्रभारी

सपा ने मिल्कीपुर और कटहेरी समेत छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तैयारियों के लिए दिग्गज उतार दिए हैं। कटेहरी (अम्बेडकरनगर) में पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव और मिल्कीपुर (अयोध्या) में सांसद अवधेश प्रसाद व विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# आईपीएस नेहा चंपावत को गृह सचिव और अरुण देव गौतम को डीजी होमगार्ड किया नियुक्त




रायपुर। छग सरकार गृह विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। आईपीएस नेहा चंपावत को छत्तीसगढ़ गृह सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं अरुण देव गौतम डीजी होमगार्ड एवं फायर सर्विसेस नियुक्त किया गया है। इसी के साथ ही संचालक लोक अभियोजन का अतिरिक्त प्रभार भी दिया है। छत्तीसगढ़ शासन गृह पुलिस विभाग मंत्रालय ने एक आदेश जारी किया है। इस आदेश में डीजी प्रमोट हुए अरूण देव गौतम को राज्य सरकार ने जिम्मेदारी दी है।

राज्य सरकार ने उनकी सेवाएं सामान्य प्रशासन विभाग से वापस ले ली है। उन्हें डीजी होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा व अग्निशमन सर्विसेस नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही एडिशनल चार्ज संचालक लोक अभियोजन का दिया गया है। बता दें कि आईपीएस अरुण देव गौतम 1992 बैच के अधिकारी हैं। वह वर्तमान में गृह जेल और परिवहन विभाग के सचिव पद पर सेवाएं दे रहे थे। सीआर प्रसन्ना सचिव गृह एवं जेल विभाग होंगे।

# सीबीआई मामले में केजरीवाल की याचिका पर सुको में शीघ्र सुनवाई के संकेत


नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली उनकी (मुख्यमंत्री) याचिका पर शीघ्र सुनवाई का सोमवार को संकेत दिया।



मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने विचार करने का संकेत देते हुये वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी और चंद्र उदय सिंह से मामले से संबंधित एक अनुरोध ईमेल के जरिये भेजने को कहा। दोनों अधिवक्ताओं ने विशेष उल्लेख के दौरान श्री केजरीवाल का पक्ष रखते हुये उनकी याचिका को तत्काल सूचीबद्ध का अनुरोध किया था।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने श्री केजरीवाल के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज मुकदमा रद्द करने और जमानत के लिये दायर उनकी याचिकायें पांच अगस्त को खारिज कर दी थी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने अपना आदेश सुनाते हुये कहा था कि सीबीआई के पास श्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने का पर्याप्त कानूनी आधार था।

न्यायमूर्ति कृष्णा ने कहा था, यह नहीं कहा जा सकता कि गिरफ्तारी बिना किसी न्यायोचित कारण के की गयी। उच्च न्यायालय ने तब गुण-दोष के आधार पर इस मामले में कोई निर्णय लेने से इनकार कर दिया, लेकिन निचली अदालत का दरवाजा खटखटाने की छूट दी थी एकल पीठ ने जमानत याचिका पर कहा था कि याचिकाकर्ता को निचली अदालत जाने की छूट है। एकल पीठ के समक्ष सीबीआई के एसपीपी रिपीट एसपीपी डी पी सिंह ने दलील देते हुए कहा था कि आरोपी केजरीवाल भ्रष्टाचार के इस मामले सूत्रधार हैं और उनके खिलाफ इस मामले में स्पष्ट सबूत हैं। ईडी (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# केंद्र सरकार ने ब्रॉडकास्टिंग बिल 2024 होल्ड किया, अब तैयार किया जाएगा नया मसौदा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने ब्रॉडकास्टिंग बिल 2024 को होल्ड पर रखने का फैसला किया है। सरकार का कहना है कि अब नए मसौदे को व्यापक विचार-विमर्श के बाद पेश किया जाएगा। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पिछले साल नवंबर में नए ब्रॉडकास्टिंग रेगुलेशन बिल का मसौदा तैयार किया था।

### इस साल जनवरी में पेश किया गया था बिल

इस बिल के मसौदे पर सार्वजनिक टिप्पणी देने की अंतिम तारीख 15 जनवरी 2024 थी। इस साल जुलाई में इस बिल के दूसरे मसौदे को तैयार किया गया था। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद के मौजूदा सत्र में इस बिल के मसौदे को पेश किया था। डिजिटल समाचार पब्लिशर्स और व्यक्तिगत कंटेंट क्रिएटर्स इस बिल का विरोध कर रहे थे।

केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए नए ब्रॉडकास्टिंग सर्विसेज (रेगुलेशन) बिल के कई



प्रावधानों को लेकर चिंताएं जाहिर की जा रही थी। इस बिल के मसौदे में कुछ प्रावधान ऐसे हैं जो ऑनलाइन इन्फ्लुएंसर्स को, यदि वे अपने कार्य में वर्तमान मामलों से जुड़े होते हैं, तो उन्हें ब्रॉडकास्टर के रूप में टैग कर सकते हैं।

### ब्रॉडकास्टर से जुड़े प्रावधानों पर आपत्ति

इस नए बिल में सभी ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स, जिनमें स्वतंत्र पत्रकार, यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर एक्टिव कंटेंट क्रिएटर्स से लेकर लिंक्डइन के 'थॉट लीडर्स' और न्यूजलेटर लेखक शामिल हैं, उन्हें ओटीटी ब्रॉडकास्टर या डिजिटल न्यूज़ ब्रॉडकास्टर के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। इसका मतलब यह है कि अगर ये ब्रॉडकास्टर्स सरकार द्वारा निर्धारित एक निश्चित सीमा से ऊपर होते हैं, तो उन्हें कंटेंट के प्री-सर्टिफिकेशन के लिए कंटेंट इवैल्यूएशन कमेटी स्थापित करनी होगी।

### एडवर्टाइजिंग एजेंसी को रेगुलेट करने की है योजना

इसके अलावा, इस बिल में मिडिएटर्स के लिए उनके द्वारा प्रसारित किए जाने वाले कार्यक्रमों के संदर्भ में उचित परिश्रम दिशानिर्देश तैयार करने का भी प्रावधान किया गया था।

इसके तहत विज्ञापन मध्यस्थों को भी विनियमित करने की योजना बनाई गई थी। यानी की एडवर्टाइजिंग एजेंसी को भी इस दायरे में लाने की योजना बनाई जा रही थी।

# त्रिपुरा में अवैध तरीके से घुसे चार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**भारत से लगी सीमा पर उठने लगी सुरक्षा संबंधी चिंताएं**

नई दिल्ली। अगरतला के बाहरी इलाके में स्थित नंदननगर क्वार्टर चौमुहानी इलाके से रविवार देर रात चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने ये जानकारी दी है। इलाके में संदिग्ध गतिविधियों की खुफिया जानकारी मिलने के बाद न्यू कैपिटल कॉम्प्लेक्स (एनसीसी) पुलिस स्टेशन की पुलिस ने यह गिरफ्तारी की। पुलिस इंस्पेक्टर सुशांत देब ने बताया कि पुलिस को इलाके में चार अज्ञात व्यक्तियों की मौजूदगी के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिली थी। अधिकारी ने कहा, शुरुआती पूछताछ के दौरान संदिग्धों ने खुद को भारतीय नागरिक होने का दावा किया। हालांकि, आगे की पूछताछ के बाद उन्होंने बांग्लादेश के नागरिक होने की बात स्वीकार कर ली। गिरफ्तार किए गए चार व्यक्तियों की पहचान अब्दुल कलाम, कमरुल जमान, नबीर हुसाम और मोहम्मद जुबायर के रूप में की गई है।



# ग्राम गठुला में हर घर तिरंगा अंतर्गत तिरंगा रैली निकाली गई




राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम गठुला में आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही स्वच्छता तिहार एवं डायरिया रोको अभियान का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती ललिता साहू, श्रीमती चित्ररेखा ठाकुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव सुश्री तनुजा मांझी उपस्थित थी।

इस अवसर पर शाला परिसर में पेयजल स्रोत एवं शाला परिसर में जनसहयोग से स्वच्छता श्रमदान करने के उपरांत हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत तिरंगा रैली निकालकर राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के लिए घर-घर तिरंगा लगाने का संदेश दिया गया तथा डायरिया से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। शालेय विद्यार्थियों द्वारा निबंध, चित्रकला, गीत, नृत्य के माध्यम से डायरिया से बचाव एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव की साफ-सफाई भी की। उन्होंने सभी को हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के सम्मान के लिए शपथ दिलाई।

**स्वच्छता तिहार एवं डायरिया रोको अभियान अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा घरेलू स्तर पर खाद बनाने, सिंगल यूज प्लास्टिक के बदले उनके विकल्प में कपड़े का झोला, कागज का ठोंगा उपयोग करने, सामाजिक अन्य कार्यक्रमों में स्टील थाली व गिलास का उपयोग करने का सुझाव दिया गया। उन्होंने खुले में कचरा को फेंकने या जलाने से होने वाली दुष्प्रभाव के संबंध में जानकारी दी।

गांव में स्वच्छाग्राही दीदीयों को सूखा अजैविक कचरा देने एवं सेवा शुल्क के रूप मे ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क प्रतिमाह निर्धारित समय-सीमा में प्रदान करने कहा। सीईओ जिला पंचायत ने डायरिया से बचाव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने पेयजल स्त्रोत की पानी की जांच व स्रोत की सफाई करने, पानी को उबाल कर पीने, गंदी पानी की निकासी, व्यक्तिगत स्वच्छता हेतु नियमित हैण्डवाश, ताजा भोजन करने, पोट्ठ लईका, पोषण आहार, नशा मुक्ति, खुल में शौच मुक्ति के संबंध जानकारी दी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुश्री तनुजा मांझी द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने गांव को संपूर्ण स्वच्छ बनाने, गीला-सूखा कचरा एक साथ देने या खुले में फेंकने पर जुर्माना, ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम बनाने के लिए कचरा का सही वर्गीकरण करने, स्वच्छता शुल्क देने के लिए प्रेरित किया।

सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती भगवती साहू द्वारा गीला सूखा कचरा को अलग-अलग घरेलू स्तर पर करने एवं जैविक से खाद बनाने एवं माइक्रो प्लास्टिक को बेकार प्लास्टिक बोतल में भरकर इको ब्रिक्स बनाने के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधि, स्कूल बच्चे, शिक्षक, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# अनुकंपा नियुक्ति की मांग करते हुए सीएम को राखी बांधने वाली बहनों को मिला आश्वासन



**पंचायत शिक्षक अनुकंपा कल्याण संघ में हर्ष**

राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राखी बांधने वाली अनुकंपा कल्याण संघ की बहनों को जल्द ही सरकारी नौकरी देने का भरोसा दिलाया है। मुख्यमंत्री के इस आश्वासन से दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा कल्याण संघ में हर्ष व्याप्त हो गया है। उल्लेखनीय है कि 11 अगस्त को दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा कल्याण संघ की प्रांत अध्यक्षा श्रीमती माधुरी मृगे के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों में अरुंधती शर्मा, गीता साहू, प्रमोद चौबे व सदस्यगण मुख्यमंत्री से मुलाकात किए तथा प्रदेश अध्यक्षा द्वारा मुख्यमंत्री को राखी बांधकर लंबित अनुकंपा नियुक्ति का अविलंब तथा योग्यता अनुसार निराकरण की बात रखते हुए आग्रह निवेदन किए है। मुख्यमंत्री ने अपने भाई पर भरोसा रखिए ऐसा बोलते हुए संवेदन शीलता पूर्वक निश्चित ही जल्द निराकरण का आश्वासन बहनों को दिया है। अलग-अलग जिलों से आए संघ के सदस्यों शांति साहू, संतोषी राठौर, एम रूपा, तृप्ति, व अन्य सदस्यों के द्वारा भी मुख्यमंत्री को निवेदन आग्रह करते हुए जल्द निराकरण की बात कही।

## पहला कॉलम...

### नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल में 'पैरेंट्स ओरिएंटेशन सेरेमनी' सम्पन्न




राजनांदगांव (दावा)। विगत 3 अगस्त एवं 10 अगस्त को नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल-बल्देवबाग में पैरेंट्स ओरिएंटेशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में स्कूल संचालक नीरज बाजपेयी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजा अर्चना की गई। उक्त सेरेमनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के पालकों को स्कूल सत्र 2024-25 की शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में अवगत कराना था। इस कार्यक्रम में 3 अगस्त को प्रायमरी - कक्षा 1 से 8 के पालकों हेतु एवं 10 अगस्त को प्री-प्रायमरी-नर्सरी से केजी-2 के पालकों हेतु उक्त समारोह सम्पन्न कराया गया। ओरिएंटेशन सेरेमनी के इस कार्यक्रम में कक्षावार उपस्थित सभी पालकों को स्कूल में होने वाली पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ, खेलकूद संबंधी जानकारी, बच्चों के पाई करने के तरिके, शैक्षणिक गतिविधि, परीक्षा समय-सारिणी, वाहन सुविधा, प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी सहित पालक अपने पाल्य के दैनिक दिनचर्या से अवगत रहने पर भी जोर दिया गया। जिससे पालकों को अपने पाल्य संबंधी किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े एवं बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो सकें।

### श्रीमती एस. कमला का निधन



डोंगरगढ़(दावा)। सेवानिवृत्त लोको शेड फोरमेन स्वर्गीय सी.एस. राजन की धर्मपत्नी श्रीमती एस. कमला का 72 वर्ष की उम्र में स्वर्गवास दिनांक 11 अगस्त दिन रविवार को हो गया है। वे अपने पीछे पुत्र शिवकुमार मुदलियार, श्रीमती उमा स्वामी, श्रीमती लता महोबिया सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार रायपुर स्तिथ मुक्तिधाम में किया गया।

### सरदार कंवलपाल सिंह भाटिया का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। सरदार कंवलपाल सिंह भाटिया (भंडारपुर उपसरपंच) निवासी बुधवारी पारा डोंगरगढ़ का 11 अगस्त को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 12 अगस्त को सुबह 10.00 बजे छीरपानी मुक्तिधाम में किया गया।

### विजय गुप्ता का निधन



डोंगरगढ़(दावा)। गुप्ता ट्रेडर्स के संचालक विजय गुप्ता का रविवार की शाम आकस्मिक निधन हो गया। वे विवेक गुप्ता, अखिलेश गुप्ता और विकास गुप्ता के पिता थे। जिनकी अंतिम यात्रा नाकापारा स्थित उनके निज निवास गुप्ता ट्रेडर्स गोदाम से सुबह 11 बजे निकाली गई।

# स्टेट हाईस्कूल के मेधावी विद्यार्थी सम्मानित किये जायेंगे

राजनांदगांव (दावा)। आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर स्टेट हाईस्कूल के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। सम्मान समारोह शाला के भूतपूर्व विद्यार्थियों द्वारा प्रायोजित किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए भू. पू. छात्र अजय शुक्ला ने बतलाया कि स्टेट हाईस्कूल के 1979 बैच के कुछ विद्यार्थियों ने विगत 8 वर्षों से शाला के छात्रों को प्रावीण्यता के आधार पर सम्मानित करने की अभिनव परंपरा आरंभ की है। इसके अंतर्गत सभी कक्षाओं के प्रथम तीन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में नगद राशि, प्रशस्ति पत्र एवं पदक से सम्मानित किया जाता है। शाला से प्राप्त 2023-24 के परीक्षा परिणाम के आधार पर निम्न छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी

कक्षा 6- स्व.शिवशंकर स्व. श्रीमती दुर्गादेवी शुक्ला स्मृति छात्रवृत्ति प्रायोजक -अजय श्रीमती सुनीला शुक्ला प्रथम-कु. काया मरकाम, द्वितीय-कु. आराध्या देशलहरा, तृतीय- चि. नैतिक देवांगन। कक्षा 7 - स्व. रामप्रताप स्व. श्रीमती लक्ष्मी देवी सोमानी स्मृति छात्रवृत्ति प्रायोजक - मुरलीधर सोमानी (महाराजपुर) प्रथम - कु. तारणी साहू, द्वितीय -कु. वेदिका देवांगन, तृतीय - कु. नंदिनी वर्मा। कक्षा 8 - स्व. अरविंद कुमार झा स्व. श्रीमती माधुरी झा स्मृति छात्रवृत्ति प्रायोजक - श्रीमती मोनालीसा सेन (गोहाटी) प्रथम - चि. नमन मढरिया, द्वितीय -चि. कृष वर्मा, तृतीय-चि. नावेद रजा कक्षा 9 - स्व. सीताराम स्व. श्रीमती शांतिदेवी गोयल स्मृति छात्रवृत्ति प्रायोजक-श्यामसुंदर गोयल प्रथम-कु. प्रतीक्षा वर्मा, द्वितीय -चि. भावेश साहू, तृतीय - चि. खिलेश्वर साहू एवं कु. पूर्वी महोबे। कक्षा 10 - स्व. मोहम्मद अब्दुस्सत्तार खान स्मृति छात्रवृत्ति प्रायोजक - इंजी. जेड.एम.खान - डॉ. श्रीमती रजिया खातून खान प्रथम - चि. भूपेन्द्र चंदेल द्वितीय -चि. कीर्तिवर्धन देवांगन तृतीय -कु. विभा साहू कक्षा 11 - स्व. मुनीर मोहम्मद स्मृति छात्रवृत्ति प्रायोजक - इंजी. जेड.एम. खान - डॉ. श्रीमती रजिया खातून खान प्रथम - कु. भवप्रीता मिश्रा, द्वितीय - कु. डिंपल गोसाई, तृतीय -कु. हर्षिता देवांगन। कक्षा 11 - स्व. विक्रम सिंह स्व. श्रीमती गंगासागर गनवीर स्मृति छात्रवृत्ति प्रायोजक - इंजी. अजय गनवीर - डॉ. श्रीमती नागरत्ना गनवीर कु. तनुजा खुटेल (गणित संकाय प्रथम) योगेश देवांगन (वाणिज्य संकाय, प्रथम) पीयूष सेन(कला संकाय, प्रथम) कक्षा 11-स्व. डॉ. अजीज अहमद स्मृति छात्रवृत्ति प्रायोजक - इंजी. जेड.एम. खान - डॉ. श्रीमती रजिया खातून खान जीव विज्ञान में सर्वप्रथम कु. भवप्रीता मिश्रा. उन्होंने सभी विद्यार्थियों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपील की है।

### घर-घर तिरंगा फहराने से बच्चों में बढ़ रही देशभक्ति की भावना - संतोष साहू



राजनांदगांव (दावा)। लखोली के बूथ अध्यक्ष व भाजपा के युवा नेता संतोष साहू ने कहा कि घर-घर तिरंगा फहराने से बच्चों में देशभक्ति की भावना बढ़ रही है। 13, 14 व 15 अगस्त को हर घर के छत पर तिरंगा ध्वज फहराने वार्ड सहित शहर के लोगों से अपील किया है। उन्होंने कहा कि घरों, कार्यालयों और दुकानों में तिरंगा फहराएं और स्वतंत्रता दिवस को सम्मान व गर्व के साथ मनाएं। साथ ही हर घर तिरंगा अभियान आजादी के अमृत महोत्सव का हिस्सा बनें। इसे भारत की आजादी के 75वें वर्ष को चिह्नित करने के लिए और तिंरगा फहराने में प्रोत्साहन देने के लिए शुरू किया गया था। इस पहल का मकसद लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

# बिजली गिरने से दो जानवर मृत, इलेक्ट्रॉनिक सामान क्षतिग्रस्त हुए

**घटना बोर तलाव की**




डोंगरगढ़(दावा)। रविवार की रात 10.30 बजे बोर तलाव निवासी श्रीमती कुंती बाई निषाद के घर बिजली गिरने से गाय के कोठा में आराम कर रही गाय व बछड़े की मौत हो गई व अन्य जानवर घायल हुए। घर को भी क्षति पहुंची है।

दैनिक 'दावा' प्रतिनिधि सुनील उजवने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजली गिरने से आसपास के अनेक घरों के टीवी, पंखे, फ्रीज खराब हो गए। बिजली की आवाज इतनी तीव्र थी कि लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।

# आरकेसी की रीति मेश्राम ने नेशनल टैलेंट रनवे फैशन शो एवं नृत्य में प्रथम स्थान पाकर मारी बाजी



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान रॉयल किड्स कान्वेंट की कक्षा आठवीं की छात्रा रीति मेश्राम ने राष्ट्रीय टैलेंट रनवे में फैशन रनवे सी ग्रुप में 40 प्रतियोगियों को पीछे छोड़कर प्रथम स्थान और नृत्य में तृतीय स्थान पाकर शाला एवं परिवार को गौरवान्वित किया है। यह टैलेंट फैशन शो दिनांक 9 अगस्त से 11 अगस्त तक रायपुर के ट्रटर्न होटल में आर के किड्स टैलेंट रनवे (कविता सोनी द्वारा) ऑर्गेनाइज किया गया था। यह फैशन शो खेलमंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल बसना, विधायक संपत अग्रवाल छत्तीसगढ़ फिल्म जगत के कई कलाकारों, निर्माता, निर्देशकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

ज्ञात हो इस फैशन शो की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कोरबा में आयोजित हुई थी जिसमें चयनित होकर रीति ने राष्ट्रीय स्तर पर रायपुर में आयोजित फैशन शो में प्रथम स्थान अर्जित किया। रीति शुरू से ही बहुमुखी प्रतिभा की धनी रही हैं खेल पढ़ाई सभी क्षेत्रों में इनकी दखलंदाजी रही है।

इस अवसर पर शाला शाला समिति अध्यक्षा श्रीमती डॉ सविता जे बी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह बरसर आई के वैष्णव, अभिषेक खण्डेलवाल, श्रीमती सुषमा शुक्ला, श्रीमती एकता खण्डेलवाल, श्रीमती ममता मिश्रा, गोपाल साहू, सुश्री सरिता सिंह, श्रीमती अपर्णा वर्मा व शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दी।

# हर घर परिवार में देशभक्ति की भावना बढ़ाना जरूरी - श्रीमती शीला सिन्हा



**नागरिक अपने घरों पर निर्धारित तीन दिन अवश्य झंडा फहराये**

राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 जनपद के जनपद सदस्य श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा ने कहा कि हर घर परिवार में देशभक्ति की भावना बढ़ाना जरूरी है। नागरिक अपने घरों पर निर्धारित तीन दिन अवश्य झंडा फहराने शहर सहित जिले के लोगों से अपील की है। उन्होंने कहा कि घरों, कार्यालयों और दुकानों में तिरंगा फहराएं और स्वतंत्रता दिवस को सम्मान व गर्व के साथ मनाएं। साथ ही हर घर तिरंगा अभियान आजादी के अमृत महोत्सव का हिस्सा बनें। इसे भारत की आजादी के 75वें वर्ष को चिह्नित करने के लिए और तिंरगा फहराने में प्रोत्साहन देने के लिए शुरू किया गया था। इस पहल का मकसद लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

श्रीमती सिन्हा ने सभी लोगों से हर घर तिरंगा अभियान में हिस्सा लेने की अपील की है। भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'हर घर तिरंगा अभियान' में महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके आव्हान पर यह अभियान आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव के तहत शुरू किया गया था। यह अभियान देश भक्ति और एकता की भावना को मजबूत करेगा और राष्ट्रीय पर्व की गरिमा बढ़ाएगा। इस महाअभियान से न केवल तिरंगे के प्रति हमारा व्यक्तिगत जुड़ाव मजबूत होगा बल्कि राष्ट्र निर्माण की भावना भी सुदृढ़ होगी। इस अवसर पर देश के उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को भी याद करते हुए उनसे प्रेरणा लें और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व में नाम मानिक दास था, जिसे बदलकर मैने अपना नया नाम मुकेश मानिकपुरी पिता भंवर दास मानिकपुरी रख लिया हूं। आधार कार्ड व पेन कार्ड में मुकेश मानिकपुरी दर्ज है। मार्कशीट में मानिक दास है। मानिक दास व मुकेश मानिकपुरी दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है।

भविष्य में मुझे मेरे नये नाम मुकेश मानिकपुरी से जाना, पहचाना, पुकारा जाये व समस्त शासकीय अर्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावें।

शपथकर्ता
मुकेश मानिकपुरी
पिता भंवर दास मानिकपुरी
मकान नं. 237, तुलसीपुर
बख्तावर चाल वार्ड नं. 6 गली नं. 06
तह. व जिला -राजनांदगांव (छ.ग.)

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-7-8
489-1 457-6
राजधानी
2-5-8
150-6 890-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


**dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में**

रोजाना 4 खेलों में

समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।


सुपर स्टार धनुष का एक्शन से भरपूर

**रायन**

(हिन्दी में)

कलाकार -धनुष, दुशारा विजयन,प्रकाश राज संदीप किशन, कालीदास, एस जयसुर्या आदि

आगामी ता.15 | से कहा इही ला कइथे मया कहा इही ला कइथे मया




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com







SHRADDHA KAPOOR - RAJKUMMAR RAO:'STREE 2' ADVANCE BOOKINGS BEGIN...#Stree2 • comes to theatres EARLY... Mark the date: [Wednesday] 14 Aug 2024... Special night shows, 9:30 pm onwards.Book your seats as advance bookings have commenced.#JioStudios #MaddockFilms


# छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग स्थापना दिवस पर राजधानी जाएंगे जिले के साहित्यकार

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग (छ.ग.शासन) का स्थापना दिवस समारोह 14 अगस्त बुधवार को राजधानी रायपुर में आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा 'अमात्य' कथाकार मानसिंह 'मौलिक' सहित जिले के कवि/साहित्यकार राजधानी रायपुर जा रहे हैं। रायपुर के घड़ी चौक स्थित महंत गुरुघासीदास संस्कृति एवं राजभाषा विभाग के महंत राजा सर्वेश्वर दास आडिटोरियम में आयोजित उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय है। अध्यक्षता सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा की जाएगी। विशेष अतिथि के रूप में विधायक पुरंदर मिश्रा व संस्कृति विभाग के अन्वलगन पी.जी. होंगे। बुधवार 14 अगस्त को प्रातः 11:30 बजे प्रारंभ होने वाले तथा दो सत्रों में चलने वाले इस साहित्यिक आयोजन के दूसरे सत्र में राजभाषा आयोग द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का मुख्य अतिथि के हाथों विमोचन के पश्चात छत्तीसगढ़ी में पाठ्यक्रम दशा और दिशा तथा प्रशासकीय कार्यो में छत्तीसगढ़ी का उपयोग विषय पर परिचर्चा आयोजित है।

### आस्था मुकबधिर शाला में बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

राजनांदगांव (दावा)। रूरल एंपावरमेंट एंड डेवलपमेंट, यूथ फाउंडेशन राजनांदगांव छत्तीसगढ़ समाजसेवी संस्था के कार्यक्रम प्रबंधक भावेश साहू के जन्मदिन के अवसर पर आस्था मुकबधिर शाला पर बच्चों को स्टेशनरी सामान और चॉकलेट दिया गया। साथ ही साथ दोपहर भोजन के समय पहुंचकर संस्था के सदस्यों द्वारा बच्चों को खाना परोस कर खिलाया गया।

### कार्यालय, अधिष्ठाता, भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.)

Office Ph.No.-07744-292671,Website:-www.abvmgmcrajnandgaon.ac.in,Email:-gmc.rjn@gmail.com

क्र./3551/चिकि.महा/क्रय/निवि./2024-25 राजनांदगांव दिनांक :- 08/08/2024

**// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना//**

भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वायपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में अध्ययनरत एम.बी.बी.एस. छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण पर मनाली ले जाने हेतु अधिकृत ट्रेवल कंपनी/ एजेंसी से द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है। द्वितीय निविदा प्रपत्र दिनांक **30.08.2024** को दोपहर 3.00 बजे तक ही ली जायेगी एवं उक्त दिनांक को ही दोपहर 4.00 बजे कार्यालय अधिष्ठाता, भारतरत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में खोली जायेगी। सीलबंद लिफाफे के ऊपर शैक्षणिक भ्रमण पर मनाली ले जाने बाबत् का नाम स्पष्ट रूप से उल्लेख करें।

निविदा संबंध नियम एवं शर्ते, संस्था की वेबसाईट www.abvmgmcrajnandgaon.ac.in से प्राप्त की जा सकती है।

अधिष्ठाता
भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी स्मृति
चिकित्सा महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.)

जी - 242501773/1

# नाबालिग लड़की के साथ उसके जीजा के भाई ने किया दुष्कर्म

राजनांदगांव (दावा)। मानपुर-मोहला क्षेत्र की एक आदिवासी नाबालिग किशोरी की उसके जीजा के भाई द्वारा हवस का शिकार बनाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि 22 जुलाई को बीमार हालत में उसे खड़गाव क्षेत्र से उसके परिजनों ने पड़ोसियों के माध्यम से दल्ली राजहरा के शहीद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां से पीड़िता चार दिनों तक लापता रही। चार दिनों बाद जैसे-तैसे उसके घर लौटने पर गांव वाले मामले को लेकर बैठक आहूत की गई। बैठक में पीड़िता की हालत बिगडने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला ले जाया गया। जहां से उसे राजनांदगांव के लिए रिफर कर दिया गया। यहां से उसकी हालत की गंभीरता को देखते हुए हायर सेंटर रायपुर के लिए रिफर किया जा रहा था लेकिन परिजनों ने वहां ले जाने से असमर्थ रहे। वहीं गर्भवती होने पर उक्त नाबालिग किशोरी ने पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक मृत बच्चे को जन्म दिया। बताया जाता है कि पहले उस किशोरी को रेफर किया, परतु परिवारजनों ने उसे राजनादगांव जिला अस्पताल में दाखिल करा दिया। यह सब वाक्यों के दौरान इस बेहद गंभीर मामले की सूचना चार-चार अस्पताल प्रबंधकों ने पुलिस प्रशासन को नहीं दिया।

## गर्भवती होने पर मेडिकल कॉलेज में मृत बच्चे को दिया जन्म

बताया गया कि 6 अगस्त की देर शाम रक्तवीर फनेंद्र जैन के साथ पार्षद ऋषि शास्त्री जब अस्पताल पहुंचे तो उनकी नजर एक गंभीर स्थिति में पड़ी बच्ची और उसकी मां के ऊपर पड़ी। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे मोहला खड़गांव से आए हैं। मेडिकल कॉलेज से यहां जिला अस्पताल भेजा गया है। इसके बाद उनके इलाज की हिस्ट्री देखते हुए पर्ची बनाकर भर्ती कराया गया।

बच्ची सीरियस थी और पेट में 7 माह का बच्चा था। शरीर में 2 ग्राम खून, इसके बाद उन दोनों द्वारा पीड़िता का पुनः आईसीयू की सुविधा के लिए मेडिकल कॉलेज मे भर्ती कराया गया। इसके साथ ही राजनांदगांव कलेक्टर, एसपी और बसंतपुर पुलिस को मामले की गंभीरता से अवगत कराया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी वायपी सिंह के निर्देश में खड़गांव पुलिस ने आरोपी उमेश्वर राणा पिता स्वर्गीय जोहनलाल राणा 23 साल निवासी कामखेड़ा मानपुर को हिरासत में ले लिया है।

लंबे अंतराल के बाद मामला संज्ञान में आने के बाद बसंतपुर पुलिस ने जीरो में एफआईआर दर्ज कर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला पुलिस को इस गंभीर वारदात को प्रेषित किया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसपी वायपी सिंह के निर्देश में नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक को खड़गांव पुलिस ने हिरासत में ले लिया गया है।

## संकल्प सिद्धि महिला स्व सहायता समूह ने किया वृक्षारोपण



राजनांदगांव(दावा)। संकल्प सिद्धि महिला स्व सहायता समूह के द्वारा रानी सागर के किनारे वृक्षारोपण किया गया। समूह के सदस्यों द्वारा इस वृक्षारोपण के माध्यम से जनमानस से आव्हान किया गया की चाहे महिला हो या पुरुष जीवन में कम से कम एक पेड़ लगाकर सुरक्षा करे तो आने वाला कल पर्यावरण के दृष्टिकोण से एक सुरक्षित भविष्य निर्धारित करेगा तथा वृक्षों की कमी के कारण होने वाले समस्याओं से भी छुटकारा पाने का यह एक मात्र हल साबित होगा। इस अवसर पर संकल्प सिद्धि स्व सहायता समूह की अध्यक्ष सरिता यादव, सचिव मनीषा भोईर, काजल यादव, देविका साहू, शारदा साहू, अनिता यादव, तृप्ति नायडू, राधा यादव, देवकी साहू, खिलेश्वरी साहू उपस्थित थे।

# महाजन बाड़ी में शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ शुरू



राजनांदगांव(दावा)। शिवजी को समर्पित श्रावण मास पर शहर के सटेशन रोड स्थित लोहाणा महाजन बाड़ी में शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ आज सोमवार से शुरू हुआ। ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक पं. नरेश भाई राजगुरु मुंबई वाले को सुनने आज पहले ही दिन से श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी है।

शहर के प्रतिष्ठित भोजानी परिवार द्वारा ओ कान्हा महिला मंडल के सहयोग से आयोजित इस शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ में प्रवेश द्वार और कथा मंडप को स्थल झांकी की तर्ज पर सजाया गया है। पं. नरेश भाई राजगुरु, जिनके मुखारबिंदु से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ स्टेट स्कूल मैदान में ओ कान्हा महिला मंडल के तत्वावधान में हो चुका है, ने आज शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ के पहले दिन से भगवान शिव के विविध रूप अवतार ज्योतिर्लिंग, भक्ति, मानव कल्याण आदि के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि पुण्य क्षय होने पर धरती में पैदा हुए पुण्य बढ़ गया तो देव लोक जा सकते हैं। मनुष्य शरीर में रहकर हम अपना कल्याण कर सकते हैं। अच्छी संगति से सद्गति को पा सकते हैं। बुरी संगति से पतन हो सकता है। मनुष्य वेद के विरुद्ध कार्य करे तो पतन है। उन्होंने कल्याण के लिए भक्ति मार्ग को श्रेष्ठ बताया और कहा कि भक्ति में बड़ी शक्ति है। उन्होंने मनुष्य जीवन में संस्कार के महत्व को भी बताया। शंकराचार्य द्वारा मनुष्यत्व मुमुक्षत्व आदि के दुर्लभ बताए जाने को लेकर विशद व्याख्या की। इस संबंध में राहुल अग्रवाल ने बताया कि पंडित जी के प्रवचन को यूट्यूब में ओ कान्हा महिला मंडल के नाम से भी देखा सुना जा सकता है।

# तुलसीदास जयंती पर काव्य प्रति. में रॉयल किड्स कॉन्वेंट की छात्रा साक्षी रावटे ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। तुलसीदास जयंती के पावन अवसर पर रामायण प्रचारक समिति ने काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें शहर भर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रॉयल किड्स कॉन्वेंट की प्रतिभाशाली छात्रा साक्षी रावटे ने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने जश्न मनाया, जिसमें अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी और निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह और श्रेयांश बहादुर सिंह ने साक्षी को हार्दिक बधाई दी। विद्यालय के बर्सर आईके वैष्णव ने भी उनकी सफलता की सराहना की। हिंदी शिक्षक सुषमा शुक्ला, अपर्णा वर्मा, गोमती सोनी के सभी ने बधाइयां दी। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य तुलसीदास जी की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और साहित्यिक कृतियों को बढ़ावा देना था और साक्षी की उपलब्धि कविता के प्रति उनके समर्पण और जुनून का प्रमाण है। रॉयल किड्स कॉन्वेंट को साक्षी जैसी युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देने पर गर्व है, जो विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं और संस्थान का नाम रोशन करती हैं। साक्षी रावटे को उनकी उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी गई।

# फन टू फिट फिटनेस जिम के 4 थे वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। 10 अगस्त को फन 2फिट फिटनेस जिम के 4थे वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रक्तवीरों ने 47 यूनिट रक्त समर्पण किया। फन 2फिट फिटनेस जिम के संचालक जय देवराम पटेल ने सभी को धन्यवाद दिया।



भारतीय जैन संगठन के शांतिलाल मुथ्था जिनका जन्मदिन 15 अगस्त के उपलक्ष्य में श्रीमति वर्षा बाफना ने रक्तदान किया। इस अवसर पर आशा सेठिया, मीना गोलछा, शांता कोटड़िया, ममता पारख ने रक्त दान महायज्ञ में भाग लिया।

रक्त मित्र फनेन्द्र जैन ने सभी रक्तवीरों का उत्साह वर्धन किया, रक्त दान महादान मे महिलाओं ने भी अपना योगदान दिया। श्रीमती वर्षा बाफना, भविका पटेल, छाया पटेल, पलक पटेल, दिव्य पटेल, राकेश साहू, गुलरेज खान, पुरषोत्तम पटेल, सिद्धेश्वर, किशोर, अविनाश साहू, हरेश पटेल, मिराल पटेल, ओमकार राजपूत, चिराग चौड़ा, दोमेश देवांगन, सैयम नखत, विशाल पटेल, निकेश बैपारी, मयंक पटेल, आयुष गुप्ता, संदीप टांक, पलक पटेल, सगर पटेल, दीपक वर्मा, जीतू कुमार यादव, मानवेंद्र वर्मा, अनिल पटेल, शौर्य पटेल, रौनक पटेल, उज्ज्वल पटेल, रचित यादव, चिंतन पटेल, पंकज साहू, नवीनेश पटेल, प्रशांत पटेल, आर्यन वासनिक, सुरेश तिवारी, गौरव बवानकर सहित 47 यूनिट रक्तदान हुआ, नांदगांव ब्लड सेंटर राजनांदगांव का सहयोग प्राप्त हुआ। ओंमकार सिंह राजपूत का जन्मदिन मनाया गया। नागेश यदु, पार्षद शरद पटेल, फनेन्द्र जैन, मोहित साहू, तामेश साहू, चंद्रहाश शर्मा, आदर्श शर्मा का सहयोग हमेशा मिलता रहता। हर घर रक्तदाता घर-घर रक्तदान जिला रक्तवीर संगठन संघ का अभियान में सहयोग देने सभी रक्तवीरों को साधुवाद एवं फन टू फिट फिटनेश जिम के 4 साल गिरह की हार्दिक बधाई दी।

# आज सुरगी सड़क के अधूरे निर्माण को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

राजनांदगांव(दावा)। सुरगी से कुम्हालोरी सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार और आवाजाही में ग्रामीणों को हो रही समस्या को लेकर सोमवार को कांग्रेस प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस नेता जितेंद्र उदय मुदलियार ने सुरगी-कुम्हालोरी सड़क निर्माण की अनदेखी पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा भाजपा नेता जनता से जुड़े मामले में आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति को बीच में लाकर उन्हें संरक्षण देते दिख रहे हैं जो इस निर्माण कार्य में लेटलतीफी और भ्रष्टाचार के दोषी हैं। भाजपा नेताओं द्वारा संबंधित ठेकेदार को संरक्षण दिया जा रहा है। जितेंद्र मुदलियार ने कहा भाजपा नेता जिस सुरगी-कुम्हालोरी सड़क मार्ग का 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो जाने का दावा करते रहे वह झूठ है। इस सड़क में चलना दूभर है। बड़े-बड़े गड्ढों से हादसे हो रहे हैं। कई स्थानों पर निर्माण छोड़ दिया वहां आज भी पुरानी जर्जर सड़क लोगों के लिए मुश्किलों का सबब बनी हुई है। ग्रामीणों ने इस सड़क निर्माण को लेकर जो अपेक्षा की थी उनसे छल हुआ है। ग्राम पंचायत कोटराभांठा के सरपंच पीतांबर दास साहू, उपसरपंच गोपीलाल कंवर, धामनसरा सरपंच लोकेश गंगवीर, उप सरपंच कृतलाल पटेल, भोथीपार खुर्द की सरपंच दिव्या हिरवानी, कुम्हालोरी के ग्रामीण, ढोड़िया के सरपंच व ग्रामीण कल यहां चक्काजाम प्रदर्शन में शामिल होंगे।

# गौवंश संरक्षण के नाम पर भाजपा की योजनाएं कई बार हुई फेल- नीरज कन्नौजे



राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नीरज कन्नौजे ने भाजपा और उनकी सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि गौवंश संरक्षण के नाम पर इनकी योजनाएं कई बार असफल हुई है। वर्तमान में राज्य में विष्णुदेव साय सरकार गौवंश अभ्यारण योजना शुरू करके गायों को खुले में भूखे प्यासे घूम रहे मवेशियों को अभ्यारण में रखकर उन्हें पौष्टिक चारा पानी देने की घोषणा किये, कई माह बीत गए। लेकिन योजना का आता पता नहीं। गौमाता सड़कों और बाजारों में आज भी भूखे प्यासे भटक रही है। पॉलिथीन में बांधकर फेंके गए जूठन खाने मजबूर है।

श्री कन्नौजे ने आगे कहा कि गाय हमारी माता है का नारा सिर्फ नारा रह गया है। बाजार में खेतों में मुंह मारते मवेशियों पर गालियों और डंडों की बौछार हो रही है। उन्हें संरक्षण देने का घोषणा करने वाली भाजपा सरकार के पास बजट का रोना हो सकता है। घोषणा करते समय झूठी घोषणा तो कर दिए मगर उन्हें निभाना मुश्किल हो रहा है। पहले भी भाजपा के शासनकाल में गोकुल नगर योजना बनी थी। जिसे इस उद्देश्य से लेकर बनाया गया था। कि शहर में जगह-जगह अवैध खटाल ना हो लोगों को आने-जाने में मवेशियों की वजह से कोई परेशानी ना हो लेकिन राजनांदगांव सहित हर जिला में मवेशी झुंड के झुंड सड़कों में पसरे रहती हैं। रोज दुर्घटनाएं हो रही है इंसान भी हताहत हो रहे हैं और मवेशी भी ऐसी गंभीर बात पर भाजपा सरकार ध्यान नहीं दे रही है। लोग भूपेश बघेल नीत कांग्रेस सरकार को गोधन न्याय योजना के लिए आज भी याद कर रहे हैं। नरवा गरवा घुरवा व बाड़ी की योजना सही मायने में गौ संरक्षण सहित कृषि संरक्षण के मामले में बढ़िया योजना थी। लेकिन भाजपा जनता को बरगलाने में कामयाब रही।

## मटन मार्केट 15 अगस्त को बंद

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के आदेशानुसार स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 15 अगस्त दिन गुरूवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है।आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना वसूल करे। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

## छ.ग. न्यायिक कर्मचारी संघ का प्रान्तीय अधिवेशन सम्पन्न

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ प्रान्तीय अधिवेशन 10 अगस्त को सम्पन्न हुआ। जिसमें सम्पूर्ण प्रान्तीय पदाधिकारीगण विभिन्न जिला स्थापना के प्रशासनिक अधिकारी, उप प्रशासनिक अधिकारी, लेखापाल, जिला स्थापना अध्यक्षगण एवं कर्मचारी सदस्यगण उपस्थित होकर प्रान्तीय आव्हान पर सर्वसम्मति के प्रस्ताव पारित कर अपनी प्रमुख मांगों के लिये चरणबद्ध तरीके से आन्दोलन करने का निर्णय लिया गया है। यह आन्दोलन पूरे छत्तीसगढ़ में प्रत्येक जिले में होगा।

जिसके प्रथम चरण में गांधी जयंती के दिन शाम को 6 से 7 बजे तक प्रत्येक जिला मुख्यालय में एक घंटा मोमबत्ती जलाकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया जावेगा। द्वितीय चरण में दिनांक 3 से 5 अक्टूबर 2024 तक कर्मचारीगण काली पट्टी लगाकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करेंगे। तीसरे चरण में 14 अक्टूबर 2024 को सभी कर्मचारियों द्वारा एक दिन का सामूहिक अवकाश लिया जावेगा। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रान्तीय कार्यकारणी सदस्य महेश कुमार शर्मा राजनांदगांव द्वारा दी गयी है।

# नेशनल कराते टूर्नामिन्ट इंदौर के लिये स्टेट टीम में राजनांदगॉव के 23 खिलाड़ी चयनित



राजनांदगॉव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स में वर्षों से प्रशिक्षण ले रहे चयनित खिलाड़ी

राजनांदगांव (दावा)। इंदौर मध्यप्रदेश के बास्केटबाल इंडोर स्टेडियम में आगामी 16, 17 एवं 18 अगस्त को आयोजित होने वाले चौथे वेस्ट जोन नेशनल कराते टूर्नामेंट हेतु विगत दिनों भिलाई स्थित महिला महाविद्यालय में राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिशन द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता मे प्रदेश के विभिन्न जिलों के 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें राजनांदगांव जिला कराते संघ के 45 खिलाड़ियों ने भी भाग लिया और अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर जिले के 23 खिलाड़ियों का चयन उक्त टूर्नामेंट के लिए हुआ है।

ज्ञातव्य है कि चयनित सभी खिलाड़ी स्थानीय कस्तूरबा महिला मंडल में वर्षो से संचालित राजनॉदगॉव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कराते प्रशिक्षक मुरली सिंह भारद्वाज एवं अंतर्राष्ट्रीय कराते प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी अम्बर सिंह के पर्यवेक्षण में कराते का प्रशिक्षण प्राप्त करते रहे हैं। इन चयनित खिलाड़ियों को डॉ. रमन सिंह अध्यक्ष छ.ग. विधानसभा एवं विधायक राजनांदगॉव, सांसद राजनांदगॉव संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, राजनांदगांव जिला कराते संघ के अध्यक्ष नीलू शर्मा, उपाध्यक्ष कमल पूजन, सचिव एवं वरिष्ठ कराते प्रशिक्षक मुरली सिंह भारद्वाज, अंतर्राष्ट्रीय कराते खिलाड़ी एवं गुंडाधुर अवॉर्डी सेंशाई अंबर सिंह भारद्वाज, कोषाध्यक्ष दुर्गेश त्रिवेदी, सहसचिव सतीश पदम एवं अन्य सदस्यों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं। चयनित खिलाड़ियों के नाम - शिवांश सोनी (7 साल काता व कुमिते -20 कि.ग्रा.), अभ्यूदय तिवारी ( 9 साल कुमिते -30 कि.ग्रा.), अर्जुन सोनी (9 साल कुमिते -30 कि.ग्रा.), कविश शाह (9 साल काता व कुमिते -35 कि.ग्रा.), कबीर साहू (9 साल कुमिते .35 कि.ग्रा.), गीतविजय मोटवानी (9 साल कुमिते -30 कि.ग्रा.), पावनी साहू ( 11 साल कुमिते -45 कि.ग्रा.), दीपांशु सिन्हा ( 13 साल कुमिते -40 कि.ग्रा.), अंश यादव ( 13साल कुमिते -50 कि.ग्रा.), अराध्य दुबे ( 13 साल कुमिते - 55 कि.ग्रा.), पी.श्रीबालाजी ( 13 साल कुमिते - 55 कि.ग्रा.), गुंजन वैष्णव ( 13 साल कुमिते -42 कि.ग्रा.), धात्री साहू ( 13 साल काता व कुमिते -47 कि.ग्रा.), अनुष्का येरेवार (कैडेट काता व कुमिते - 54 कि.ग्रा.), अपूर्वानाथ ( जूनियर कुमिते -61 कि.ग्रा.), शेख हमजाह (जूनियर काता व कुमिते -76 कि.ग्रा.), सुधा साहू (अंडर -21 काता व कुमिते -45. कि.ग्रा.), काजल यादव (अंडर -21 कुमिते -55 कि. ग्रा.), आदित्यराज देवांगन (अंडर -21 कुमिते - 55 कि. ग्रा.), तरुण कुमार साहू (अंडर -21 काता व कुमिते - 60 कि.ग्रा.), मोनिका पाढ़ी (सीनियर कुमिते -68 कि.ग्रा.), दुर्गेश साहू (सीनियर कुमिते - 60 कि.ग्रा.), टिकेश्वर साहू (सीनियर काता व कुमिते -75 कि.ग्रा.)।

# बांग्लादेश और भारत की संस्कृति में जमीन आसमान का अंतर है-खूबचंद पारख



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख ने आज विपक्ष एवं कांग्रेसियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वर्तमान में भारत को अस्थिर करने के लिए विपक्ष एवं खास करके कांग्रेसी मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं, की किस तरह से मोदी एवं भारत को कमजोर किया जाए। श्री पारख ने कहा कि बांग्लादेश में आरक्षण के चलते मचे बावल में विदेशी शक्तियों ने भारत को अस्थिर करने के लिए सुनीयोजित षड्यंत्र रचा है, जिसके तहत टारगेट करके बांग्लादेश में हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है ताकि भारत में इसकी प्रतिक्रिया हो और भारत अस्थिर हो। इस षड्यंत्र में कहीं ना कहीं कांग्रेस की टूल किट भी जुड़ी हुई है। यही कारण है कि संसद में बार-बार राहुल गांधी देश में आग लग जाएगी का राग आलापते रहते हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की कड़ी निंदा करते हुए पारख ने कहा कि इस पर राजनीतिक एक्शन देश में बैठी मोदी सरकार जरूर लगी परंतु भारत का सामाजिक ताना-बाना हिंदू संस्कृति की जड़ों से बुना हुआ है, इसलिए यहां सहिष्णुता के साथ सभी वर्ग रह रहे है, जिससे विखंडित करने का कुछ कट्टरपंथी भी समय-समय पर करते रहते हैं जिसमें ओवैसी जैसे लोग भी शामिल होते हैं, परंतु इसके बावजूद भी कुछ बात है भारत की संस्कृति में जो अनादि काल से बनी हुई है।

## कांग्रेस भारत की संस्कृति से अनभिज्ञ हैं-पारख

श्री पारख ने कहा की पड़ोसी देश बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता के चलते जो घटनाएं हो रही हैं उन घटनाओं की पुनरावृत्ति को भारत में दोहराने का सपना देखने वाले तथाकथित विदेशी मूल के कांग्रेसी लोग अब भारत को भी अस्थिर करने का षड्यंत्र कर रहे हैं, लेकिन वे लोग नहीं जानते कि भारत की प्राचीन संस्कृति और और उसकी विरासत अनादिकाल से इसलिए बनी हुई है क्योंकि हिंदू धर्म-सर्वे भवंतु सुखीना, सर्वे संतु निरामया के सिद्धांत पर पूरे विश्व का भला चाहता है, इसलिए साधु सन्यासी एवं धार्मिक प्रवचनकर्ताओं ने सुखी जीवन के लिए त्याग तपस्या को महत्व दिया है, परंतु हिंदू धर्म का इतिहास त्याग तपस्या के साथ बलिदान का भी है। श्री पारख ने कहा कि कांग्रेस और विदेशी ताकतों तथा देशद्रोहियों द्वारा लगातार बांग्लादेश के दृश्य को खतरनाक तरीके से सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित किया जा रहा है, ताकि भारत में भी हिंदू मुसलमानों में अराजकता फैले।

पारख ने कहा कि आज देश के प्रबुद्ध जन बांग्लादेश की घटना से चिंतित एवं दुखी हैं, क्योंकि दरिंदों एवं राक्षसी प्रवृत्ति के लोगों का कोई धर्म नहीं होता, वह केवल मानवता को नष्ट करना चाहते हैं, जिस इस्कॉन मंदिर को बांग्लादेश के अराजक तत्वों ने आग के हवाले कर दिया, उन्हीं से हजारों लोगों को प्रतिदिन निःशुल्क भोजन कराया जाता था परंतु आज दरिंदों के सामने कोई भजन, ढोल, नगाड़ा काम नहीं आया। ऐसे लोगों के सामने शास्त्र नही बल्कि शस्त्र चलाने की आवश्कता होती है, जिस देश में शास्त्र और शस्त्र का एक साथ समन्वय नही सिखाया जाता वहां तो राष्ट्र और धर्म की रक्षा नहीं हो सकती।

खूबचंद पारख ने कहा कि आज हमारी दोहरी भूमिका है एक तरफ हमें सजग होकर राष्ट्र धर्म को भी निभाना है और दूसरी तरफ अपने घर परिवार को मजबूत करने के लिए समान विचारधारा की शक्तियों को एकता के सूत्र में पिरोकर ऐसी स्थिति से बचने के लिए संगठित करने का कार्य भी करें और विदेशी शक्तियों के षड्यंत्र से बचने का भी।

## आडिटोरियम में आज शाम सुर और साज, तिरंगे के साथ देश भक्ति संगीतमय आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। आमजनों में देश भक्ति की भावना विकसित करने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि करने आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत 9 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम देश भर में आयोजित किया जा रहा है।

आयोजन के तहत शहर में भी हर घर तिरंगा अभियान चलाने तिरंगा यात्रा एवं तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में आज 13 अगस्त दिन मंगलवार को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में संध्या 5 बजे से नगर निगम द्वारा सुर और साज, तिरंगे के साथ देश भक्ति संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत देश प्रेम की भावना अभिव्यक्त करने पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में आज शाम 5 बजे निगम द्वारा आयोजित देश भक्ति से परिपूर्ण संगीतमय कार्यक्रम में पार्षदों, जन प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकार बंधुओं व देश प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।

## नगर पालिका तथा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन : जागव-वोटर 'जाबो' कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिकाओं तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 संपन्न कराए जाने के लिए फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली व पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया जाएगा। निर्वाचन नामावली शुद्ध एवं त्रुटि रहित बनाने के लिए नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली को तैयार करने एवं मतदान प्रक्रिया को सरलता से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रचार-प्रसार अभियान की योजना बनाई गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) संजय अग्रवाल ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार कर फोटोग्राफी संकलित करने जागव-वोटर 'जाबो' कार्यक्रम के लिए जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन श्रीमती रश्मि सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही नगर पालिकाओं एवं जनपद पंचायत के लिए अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत आयुक्त नगर पालिक निगम अभिषेक कुमार गुप्ता, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्रकान्त शर्मा, नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी दादु सिंह, नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी सचिन गुप्ता, जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री तनुजा मांझी, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दिव्या ठाकुर, जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवीन कुमार, जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती शिल्पा देवांगन को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया।

## अनमोल दावा

> असत्य किसी भी संबंध का अंत करने में अहम भूमिका निभाता है क्योंकि सत्य आज नहीं तो कल सामने आ ही जाता है... ।

# भारतीय कृषि का अमृतकाल, किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध मोदी सरकार

वर्ष 2013-14 में कृषि मंत्रालय का बजट 27 हजार 663 करोड़ रुपये था जो 2024-25 में बढ़कर 1 लाख 32 हजार 470 करोड़ रुपये हो गया है। यह बजट सिर्फ कृषि विभाग का है। कृषि से संबद्ध क्षेत्रों और फर्टिलाइजर सब्सिडी के लिए अलग बजट है। मोदी सरकार किसानों को यूरिया और डीएपी सस्ती दरों पर उपलब्ध करा रही है।

शिवराज सिंह चौहान। कृषि विकास और किसान कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अन्न के माध्यम से हमारे जीवन संचालन के सूत्रधार अन्नदाता के जीवन में सुख-समृद्धि लाना हमारा संकल्प है। इस संकल्प की पूर्ति के लिए हम हरसंभव प्रयास करेंगे। किसान की आय बढ़ाने के लिए हमने छह सूत्रीय रणनीति बनाई है।उत्पादन बढ़ाना, खेती की लागत घटाना, उत्पादन के ठीक दाम दिलाना, प्राकृतिक आपदा में राहत की उचित राशि दिलाना, कृषि का विविधीकरण तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना इसके अहम पहलू हैं। उत्पादन बढ़ाने और लागत घटाने के लिए सबसे जरूरी हैं अच्छे बीज, जो कम पानी और विपरीत मौसम में भी बेहतर उत्पादन में सक्षम हो सकें। ऐसे बीजों की 109 नई किस्मों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने राष्ट्र और किसानों को समर्पित किया है।बीते 10 वर्षों में कृषि परिदृश्य तेजी से बदला है। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण असंतुलन जैसी समस्याओं के बीच उत्पादकता बढ़ाने की चुनौती खड़ी हो गई है। इस चुनौती से निपटने के लिए अगले पांच वर्षों में हमारा लक्ष्य जलवायु अनुकूल फसलों की 1500 नई किस्में तैयार करने का है। वर्तमान में विज्ञान से ही किसानों का कल्याण संभव है। मुझे अपने कृषि विज्ञानियों पर गर्व है जो जलवायु अनुकूल किस्में तैयार कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि कृषि में किए जा रहे नवाचारों से कृषि एवं किसान कल्याण सुनिश्चित होगा।

किसान होने के नाते मैं भलीभांति समझता हूं कि बढ़िया उत्पादन के लिए अच्छे बीज कितने आवश्यक हैं। अगर बीज उन्नत और मिट्टी एवं मौसम की प्रकृति के अनुकूल होंगे तो उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। मोदी जी ने यह समझा और व्यापक विजन के साथ इस दिशा में कार्य करने के लिए मार्गदर्शित किया। विविधता भारतीय कृषि की विशेषता है।यहां कुछ दूरी के अंतराल पर ही खेती का मिजाज बदल जाता है। जैसे मैदानी खेती अलग है तो पहाड़ों की खेती अलग। इन सभी भिन्नताओं और विविधताओं को ध्यान में रखते हुए फसलों की 109 नई किस्में जारी की गई हैं। इनमें खेती की 69 किस्में और बागवानी की 40 किस्में राष्ट्र को समर्पित कर दी गई हैं। भारत को ग्लोबल न्यूट्रिशन हब बनाने और श्रीअन्न को प्रोत्साहित करने के लिए मोदी सरकार पूरी तरह संकल्पबद्ध है।हमारा संकल्प है कि किसान के परिश्रम का उचित मूल्यांकन हो और उन्हें फसलों का उचित दाम मिले, इसके लिए हम न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद कर रहे हैं। किसानों की आय बढ़ाना हमारी प्राथमिकता में है और उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ भारत की चिंता भी रही है कि मानव शरीर और मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित उत्पादन हो।

आज भारत नई हरित क्रांति का साक्षी बन रहा है। हमारे अन्नदाता ऊर्जादाता तथा ईंधनदाता भी बन रहे हैं। मोदी जी के प्रयासों से खेती के साथ ही पशुपालन, मधुमक्खी पालन, औषधीय खेती, फूलों-फलों की खेती सहित अन्य संबंधित क्षेत्रों को सशक्त बनाया जा रहा है। पूर्ववर्ती सरकारों की प्राथमिकता में कृषि और किसान रहे ही नहीं। जबकि मोदी जी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है।वर्ष 2013-14 में कृषि मंत्रालय का बजट 27 हजार 663 करोड़ रुपये था जो 2024-25 में बढ़कर 1 लाख 32 हजार 470 करोड़ रुपये हो गया है। यह बजट सिर्फ कृषि विभाग का है। कृषि से संबद्ध क्षेत्रों और फर्टिलाइजर सब्सिडी के लिए अलग बजट है। मोदी सरकार किसानों को यूरिया और डीएपी सस्ती दरों पर उपलब्ध करा रही है।यूरिया पर सरकार किसानों को करीब 2,100 रुपये सब्सिडी जबकि डीएपी के एक बैग पर 1083 रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसान स्वावलंबी और सशक्त हुआ है। फसलों के नुकसान पर भी फसल बीमा योजना किसानों के लिए एक सुरक्षा कवच है।मोदी सरकार में किसान को सशक्त बनाने के लिए बीज से लेकर बाजार तक हर वह फैसला लिया, जो किसानों के लिए खेती को और आसान बनाए। उनकी मुश्किलें कम करे और मुनाफा बढ़ाए। इसी कड़ी में एक लाख करोड़ रुपये की एग्री इन्फ्रा फंड के जरिये कृषि से जुड़ा बुनियादी ढांचा विकसित किया जा रहा है।

पूरे देश में 700 से अधिक कृषि विज्ञान केंद्र किसान और विज्ञान को जोड़ रहे हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना के जरिये टेक्नोलाजी से दूरदराज की हमारी माताओं-बहनों को भी जोड़ा जा रहा है। कृषि सखियों को प्रशिक्षण देने के पहले चरण में अब तक 35 हजार कृषि सखियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।मोदी जी का विजन है कि भारत कृषि में आत्मनिर्भर बने। इस दिशा में भी रणनीति बनाकर कार्य किया जा रहा है। अगले पांच वर्षों में हम 18,000 करोड़ रुपये की लागत से 100 निर्यात केंद्रित बागवानी क्लस्टर बनाएंगे। किसानों के लिए मंडी तक पहुंच बेहतर बनाने के लिए 1500 से अधिक मंडियों का एकीकरण किया जाएगा।

साथ ही 6,800 करोड़ रुपये की लागत से तिलहन मिशन की शुरुआत कर रहे हैं। सब्जी उत्पादन क्लस्टर बनाने की भी तैयारी है। इससे छोटे किसानों को सब्जियों-फल और अन्य उपज के लिए नए बाजार और बेहतर दाम मिलेंगे। सरकार ने यह संकल्प भी लिया है कि दलहन फसलों में तुअर, उड़द और मसूर की पूरी खरीद एमएसपी पर की जाएगी। यजुर्वेद में उल्लिखित है च्अन्नानां पतये नमः क्षेत्राणां पतये नमःज् अर्थात अन्न के स्वामी और खेतों के स्वामी अन्नदाताओं को नमन। कृषि पराशर में भी उल्लेख है-अन्न ही प्राण है, अन्न ही बल है एवं अन्न ही समस्त प्रयोजनों का साधन है। किसानों के बिना इस देश का अस्तित्व ही अधूरा है। इसलिए हमारे प्राचीन शास्त्रों में भी किसानों को प्रणाम किया गया है।

# नरेंद्र मोदी का राजनीतिक उत्तराधिकारी कौन, अमित शाह, योगी या कोई और ?

**विकास त्रिवेदी**

**पान या चाय की दुकान हो, टूटी सड़क पर हिचकोले खाता टेम्पो हो या बादल छूता विमान हो. नरेंद्र मोदी के समर्थकों के बीच बीते सालों में सवाल एक ही रहा- अगर मोदी नहीं तो कौन? पहले ये सवाल पूछा जाता था कि विपक्ष में कौन है जो मोदी की जगह ले सके, अब ये भी पूछा जाने लगा है कि बीजेपी में कौन है जो उनकी जगह ले सकता है.तीसरी बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी की उम्र अगले साल 75 को छू लेगी। 75 की उम्र के राजनीतिक मायने को समझने के लिए कुछ तारीखों और कुछ बयानों पर गौर करिए.**



एक बात पर ग़ौर करें कि ये सभी बयान 2024 के लोकसभा चुनाव के परिणाम आने से पहले के हैं.बीजेपी का 400 पार का ख़्वाब टूट चुका है.तो क्या इन चुनावी नतीजों के बाद मंथन कर रही बीजेपी में अब नए वारिस के बारे में चर्चा शुरू हो रही है? बीजेपी के अंदर नरेंद्र मोदी का वारिस कौन हो सकता है और इसमें आरएसएस यानी संघ की भूमिका क्या हो सकती है संघ की भूमिका इसलिए भी अहम है क्योंकि जानकारों के मुताबिक- जब बीजेपी कमज़ोर होती है, तब संघ की भूमिका पार्टी में बढ़ जाती है.ये सवाल तब और अहम हो जाते हैं जब कई राजनीतिक जानकारों और घटनाक्रमों ने इन अटकलों को हवा दी है कि योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीच राजनीतिक रस्साकशी चल रही है.

2014 में जब नरेंद्र मोदी पीएम बने तो लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी जैसे शीर्ष नेताओं को संसदीय बोर्ड या कैबिनेट में जगह नहीं दी गई. दोनों नेताओं को जगह तो मिली, मगर मार्गदर्शक मंडल में. आडवाणी तब 86 और जोशी 80 साल के थे.जून 2016 में मध्य प्रदेश कैबिनेट विस्तार के दौरान 75 पार बाबूलाल गौर और सरताज सिंह को मंत्री पद से इस्तीफ़ा देना पड़ा, इसी तरह 80 पार पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन को भी कोई ज़िम्मेदारी नहीं दी गई, हिमाचल के दिग्गज नेता शांता कुमार भी इसी तरह किनारे हो गए.अमित शाह ने तब कहा था, पार्टी में न तो कोई ऐसा नियम है और न ही परंपरा कि 75 साल की आयु पार कर चुके नेताओं को चुनाव लड़ने की अनुमति न दी जाए.कर्नाटक के येदियुरप्पा इस मामले में एक मिसाल थे जो 80 पार होने के बाद भी राज्य में बीजेपी की कमान संभाल रहे थे.2019 के लोकसभा चुनाव में 91 साल के आडवाणी और 86 साल के जोशी को बीजेपी ने टिकट नहीं दिया था.2019 में द वीक को दिए इंटरव्यू में अमित शाह ने कहा था, 75 साल से ऊपर के किसी को टिकट नहीं दिया गया. ये पार्टी का फ़ैसला है.एक दूसरे पुराने वीडियो में शाह कहते दिखते हैं- 75 साल से ऊपर के नेताओं को ज़िम्मेदारी नहीं देने का फ़ैसला हुआ है. हालांकि अतीत में कलराज मिश्र, नजमा हेपतुल्ला और अब जीतन राम मांझी 75 की उम्र पार करने के बाद भी मोदी कैबिनेट में जगह बनाने में सफल रहे. इनमें मांझी बीजेपी के नहीं हैं बल्कि उनकी पार्टी सत्ताधारी गठबंधन का हिस्सा है.

कभी मोदी के चुनावी रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर ने एक इंटरव्यू में कहा- ये नियम बनाया तो मोदी जी ने ही है, तो ये उन पर है कि वो इस नियम को मानेंगे या नहीं? संघ और बीजेपी की विचारधारा के समर्थक डॉ. सुर्वोकमल दत्ता बीबीसी से कहते हैं, 75 साल उम्र होने के बाद ये प्रधानमंत्री जी के ऊपर है कि वो इस पर विचार करना चाहते हैं या नहीं. मान लीजिए कि अगर स्वेच्छा से वो सोचते हैं कि उनको अवकाश लेना चाहिए तो ये उनकी निजी सोच होगी. इसमें संगठन की तरफ से मेरा मानना है या विचारधारा की तरफ से किसी तरह का प्रेशर नहीं है.बीजेपी, संघ, अटल बिहारी वाजपेयी और योगी आदित्यनाथ पर वरिष्ठ पत्रकार विजय त्रिवेदी किताबें लिख चुके हैं.विजय त्रिवेदी ने बीबीसी हिंदी से कहा, 75 की उम्र होने पर मोदी अपना कार्यकाल पूरा ना करें या संघ भी किसी और को चाह रहा हो, ऐसा नहीं लगता.वरिष्ठ पत्रकार राकेश मोहन चतुर्वेदी कहते हैं, नरेंद्र मोदी अभी काफी एक्टिव हैं. लगता है कि 2029 तक कंट्रोल नरेंद्र मोदी के हाथ में ही रहेगा.मगर राजनीति अनिश्चितता से भरी होती है. ख़ास तौर पर बीजेपी और संघ के मामले में किसी भी चीज़ की तैयारी बहुत पहले से चालू हो चुकी होती है.संघम् शरणम् गच्छामि किताब के लेखक विजय त्रिवेदी कहते हैं, नंबर वन के लिए लड़ाई तो जारी नहीं है. मुझे लगता है कि खोज शुरू हो गई होगी. संघ को जो हम समझते हैं वे दूरगामी निर्णयों, नीतियों पर भरोसा करते हैं. एक लंबे समय तक के लिए क्या कार्य-योजना होगी, इस पर वो लगे रहते हैं. ज़ाहिर है, बीजेपी में पीएम मोदी के अलावा दूसरे नेतृत्व की तलाश भी संघ कर रहा होगा.तो क्या संघ ने वाक़ई तैयारी शुरू कर दी है और यहां ये समझना ज़रूरी है कि बीते 10 सालों में नरेंद्र मोदी और संघ का रिश्ता कैसा रहा है.वो आसमान में जितना चाहे ऊँची छलांग लगा लें, पर आना तो उन्हें धरती पर ही पड़ेगा.ये बात आरएसएस के दूसरे सर संघचालक माधवराव गोलवलकर ने उन स्वयंसेवकों के लिए कही थी, जो नवगठित राजनीतिक दल जनसंघ में चले गए थे.जनसंघ की जगह ही भारतीय जनता पार्टी 1980 के अप्रैल महीने में सामने आई.गोलवलकर के इस बयान को कई दशक बीत चुके हैं मगर संघ अपने नेताओं को आसमान से धरती पर लाने के कई उदाहरण अतीत में पेश कर चुका है.बलराज मधोक, जसवंत सिंह, लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी, ऐसे ही कुछ उदाहरण हैं. कहा जाता है कि जब ये बड़े नेता बोझ बनने लगे तो संघ ने नीचे लाने में देर नहीं की.संघ का ये रुख़ अब भी ऐसा ही नज़र आता है. हाल के दिनों में संघ प्रमुख मोहन भागवत के दो बयानों पर गौर कीजिए.

मोहन भागवत के ये दोनों बयान लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद आए हैं.इन बयानों में कहीं भी पीएम मोदी का नाम नहीं लिया गया है, संघ की ओर से आने वाले संदेश परंपरागत तौर पर ऐसे ही होते हैं जिनके बारे में दावे से नहीं कहा जा सकता कि वे किसके बारे में हैं, लेकिन ये भी कहना कठिन है कि इन बयानों का पीएम मोदी से कोई ताल्लुक नहीं है.संघ से जुड़े कई लोगों और जानकारों का कहना है कि इन चुनावों में संघ ने बीजेपी के लिए वैसे काम नहीं किया, जैसा पहले संघ किया करता रहा है.संघ का सबसे अहम काम है मतदाताओं के बीच ऐसी राय और माहौल बनाना जो बीजेपी के हक़ में जाए.ये संघ ही था जिसकी सहमति के साथ नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद की रेस में साल 2013 में ख़ुद को आगे कर पाए थे.फिर ऐसा क्या हुआ कि संघ प्रमुख के बयानों में कुछ लोगों ने नरेंद्र मोदी के लिए संकेत देखे और दूरियों की अटकलें तेज़ हुईं. 2024 के लोकसभा चुनाव में संघ ने 2019 या 2014 जितनी मदद बीजेपी की क्यों नहीं की? मई 2024 में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में कहा, शुरू में हम अक्षम होंगे, थोड़ा कम होंगे. आरएसएस की ज़रूरत पड़ती थी. आज हम बढ़ गए हैं. सक्षम हैं तो बीजेपी अपने-आपको चलाती है.जानकारों का कहना है कि नड्डा के इस बयान से संघ में काफ़ी नाराज़गी देखने को मिली.एक अख़बार के संपादक ने बीबीसी से कहा, नड्डा के बयान से इस बार संघ में नाराज़गी थी. चुनाव के दौरान होने वाले प्रशिक्षण शिविर को भी इस बार नहीं टाला गया. किसी भी संघ वाले से बात करेंगे तो वो बताएंगे कि वो ना के बराबर निकले. हाँ, उन्होंने मध्य प्रदेश में जमकर मेहनत की क्योंकि शिवराज सिंह चौहान ने हमेशा आदर-सत्कार किया. वहां नतीजे भी दिखे.मगर नाराज़गी सिर्फ़ इतनी भर नहीं है.सात जून 2024 को नीतीश कुमार ने पुरानी संसद के सेंट्रल हॉल में कहा था- हमारी पार्टी जेडीयू बीजेपी संसदीय दल के नेता नरेंद्र मोदी को भारत के प्रधानमंत्री पद के लिए समर्थन देती है. नीतीश जिस संसदीय दल के नेता होने की बात मोदी के लिए कह रहे थे, क्या बीजेपी संसदीय दल की वो बैठक इस बार हुई? बीजेपी-संघ को कवर करने वाले एक वरिष्ठ पत्रकार ने बीबीसी से बातचीत में दावा किया, चार जून की शाम बीजेपी संगठन के एक शीर्ष नेता और एक वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री दिल्ली में संघ के दफ़्तर मिलने गए. संघ की ओर से कहा गया कि आप संसदीय दल की बैठक बुलाकर अपना नेता चुन लीजिए.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 231 श्री राम ने कहा, आप सूर्य किरणों से मेरा अभिषेक करें और मुझे वन जाने दें

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



रानी कैकेई का हठ अपने चरम पर है।श्री राम के मन में अपने वन जाने को लेकर कोई संदेह नहीं है,लेकिन वे इस बात को लेकर चिंतित हैं कि या तो माता दुःखी होंगी या उनके पिता।अभिषेक को लेकर दोनों के विरोधी विचार हैं और यह एक दुविधा की स्थिति है।

पिता के हृदय का शोक दूर करने के लिए श्री राम ने कहा, 'अभिजीत मुहूर्त निकट आ रहा है पिताश्री! सूर्योदय चुका है और इस कक्ष में अब सूर्य की किरणें प्रवेश कर रही हैं।आप उस शक्तिशाली अयोध्या राज्य के सूर्यवंश के महाराज हैं,जिसमें महाराज सगर, भगीरथ और रघु जैसे पराक्रमी, तेजस्वी तथा यशस्वी सम्राट हुए हैं। स्वयं आपकी कीर्ति का यशोगान तीनों लोकों और दसों दिशाओं में है।आप इन सूर्य किरणों से मेरे ललाट पर तिलक लगा रहे हैं, तो यही स्नेहयुक्त आशीष अयोध्या के युवराज के रूप में मेरा अभिषेक है।अब यह महाराज दशरथ पुत्र राम स्वेच्छा से अपने पिता अयोध्या नरेश महाराज दशरथ से इस बात की अनुमति मांगता है कि उसे सत्य, धर्म और न्याय की रक्षा के लिए अशांत दंडकारण्य क्षेत्र में जाने की अनुमति दी जाए।

रानी कैकेई ने कहा, इसे और स्पष्ट करो राम! तुम क्या कहना चाहते हो?

अवश्य माता!क्योंकि यह अभियान अत्यंत लंबे समय तक जारी रहने वाला अभियान होगा, इसलिए हे पूज्य पिताश्री! मेरा यह विशेष प्रस्ताव है कि मेरी लंबी अनुपस्थिति की अवधि में अनुज भरत को अयोध्या का युवराज घोषित किया जाए। इस तरह आपके द्वारा माता को दिए गए वचन भी पूरे हो जाएंगे और साथ ही आपको इस बात का संताप भी नहीं होगा कि आपने अपने प्रिय पुत्र राम को स्वयं से दूर 14 वर्षों के लिए वन में भेज दिया है।

यह सुनकर राजा दशरथ की आंखें डबडबा गईं। रानी कैकेई के मुख पर मुस्कान फैल गई।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)







नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 146 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## सामयिक चर्चा

### विश्वास अब तो खो गया है

अखबार पढ़कर, खुश होकर
बानी बोले- ''सुनिए गजाधर!
आज एक अच्छी खबर -
छत्तीसगढ़ मंत्रालय में
पंद्रह अगस्त से
बदल जाएगा कामकाज का तरीका,
अब नहीं रूकेंगी फाइलें,
ई-आफिस में बदलेंगे दफ्तर।''
गजाधर बोले व्यंग से हॅस कर-
''बानी भैया! हम तो सरकारी आफिसों के
कामकाज से इस कदर हो गये हें
हताश, परेशान, उदास, निराश
कि अब ई-आफिस हो
या कि ऊ-आफिस,
हमें तो, आफिस में फाइलें नहीं रूकेंगी,
ऐसा, होता ही नहीं है विश्वास।



-गिरीश बख्शी

# पुत्रदा एकादशी पर घर लाएं ये चीजें संतान प्राप्ति से लेकर पूर्ण होंगी सभी मुरादें

हिंदू धर्म में एकादशी व्रत को बहुत शुभ माना जाता है। इस साल सावन माह की पुत्रदा एकादशी 16 अगस्त को मनाई जाएगी जिसका इंतजार श्री हरि के भक्तों को बेसब्री से है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन सच्चे भाव के साथ व्रत करने से सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है तो चलिए इस दिन से जुड़ी प्रमुख बातों को जानते हैं।



सावन महीने की पुत्रदा एकादशी का विशेष महत्व है। इस साल यह व्रत 16 अगस्त, 2024 को रखा जाएगा। इस दिन भगवान श्री हरि की पूजा का विधान है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन का व्रत रखने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है। साथ ही संतान प्राप्ति, बच्चे की तरक्की से जुड़ी सभी मुश्किलों का अंत होता है। वहीं, ज्योतिष शास्त्र में इस दिन कुछ चीजों को घर लाना बेहद शुभ माना गया है, तो चलिए उसके बारे में जानते हैं -

### पुत्रदा एकादशी पर घर लाएं ये चीजें

पुत्रदा एकादशी के दिन चांदी से बना कछुआ, कामधेनु गाय की मूर्ति, दक्षिणावर्ती शंख, बांसुरी और मोर पंख आदि चीजों को अपने घर पर लाना बेहद कल्याणकारी माना जाता है, क्योंकि ये सभी चीजें भगवान विष्णु को अति प्रिय हैं और शुभता का प्रतीक भी हैं। ऐसे में अगर आप अपने जीवन में खुशियों की कामना करते हैं और चाहते हैं कि आपके जीवन में किसी भी प्रकार की समस्या न आए, तो आपको इस शुभ अवसर पर इनमें से कुछ चीजों को अपने घर पर अवश्य लाना चाहिए। साथ ही श्री हरि की विधिवत पूजा करनी चाहिए।

### पुत्रदा एकादशी शुभ योग

हिंदू पंचांग के अनुसार, अभिजित मुहूर्त सुबह 11 बजकर 59 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 51 मिनट तक रहेगा। साथ ही विजय मुहूर्त दोपहर 02 बजकर 36 मिनट से दोपहर 03 बजकर 29 मिनट तक रहेगा। वहीं, अमृत काल सुबह 06 बजकर 22 मिनट से सुबह 07 बजकर 57 मिनट तक रहेगा।

### भगवान विष्णु पूजन मंत्र

ॐ हूं विष्णवे नमः
ॐ नमो नारायण। श्री मन नारायण नारायण हरि हरि।
श्रीकृष्ण गोविन्द हरे मुरारे। हे नाथ नारायण वासुदेवाय।।

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज अपने व्यक्तित्व और स्वभाव में लाया गया परिवर्तन बेहतरीन रहेगा। सामाजिक और पारिवारिक लोगों की तरफ से विशेष मान-सम्मान भी मिलेगा। घर में किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के आने से किसी खास मुद्दे पर सकारात्मक विचार विमर्श भी होगा।

**वृषभ** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यवसायिक कार्यप्रणाली में किसी भी तरह की बेहतरी की उम्मीद ना करें। यह समय रुकी हुई पेमेंट को कलेक्ट करने और आर्थिक स्थितियों को मजबूत करने के लिए उत्तम है। आज नौकरी कर रहे लोगों को फोन द्वारा किसी उच्चाधिकारी से महत्वपूर्ण सूचना मिल सकती है।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज का समय उपलब्धियों वाला है। आज अपनी पूरी मेहनत व ऊर्जा अपने कार्यों के प्रति लगाएंगे। आज आपको ध्यान रखना होगा कि किसी व्यवसायी के साथ लड़ाई-झगड़े जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती हैं। इसमें अपने गुस्से व आक्रोश पर काबू रखना जरूरी है।

**कर्क** — आज आप खुशियों से भरे दिन की शुरुआत करने वाले हैं। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ेगी। आज गतिविधियों में आपका योगदान होने से आपका मान-सम्मान भी बढ़ेगा। आपके व्यक्तिगत काम भी आज काफी हद तक सुचारू रूप से पूरे हो जाएंगे।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी अपरिचित व्यक्ति से ज्यादा घुलना-मिलना आपको नुकसान दे सकता है। आज अपनी कोई भी खास बात किसी से भी शेयर ना करें। कभी-कभी बहुत ज्यादा आत्म केंद्रित होना और ईगो की भावना रखने से आपसी संबंधों में कुछ तनाव आ सकता है।

**कन्या** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएगा और रहन-सहन के प्रति अधिक सजग रहना दूसरों के बीच आकर्षण का केंद्र बनेगा। आज किसी अटके हुए काम को पूरा करने के लिए उचित समय है। किसी भी योजना को क्रियान्वित करने से पहले घर के सदस्यों की सलाह भी जरूर ले।

**तुला** — आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कोई नई योजना बनायेंगे, योजना भविष्य में कारगर साबित होगी। आज स्वास्थ्य संबंधी हल्की-फुल्की परेशानी रहने की वजह से आलस और सुस्ती हावी रहेगी। जिसका असर आपकी कार्यप्रणाली पर पड़ सकता है।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज अपनी छिपी हुई प्रतिभा को पहचानकर उसे रचनात्मक कार्यों में लगाएंगे। इससे आपको मानसिक मिलेगा। आज दिन का अधिकतर समय पारिवारिक लोगों के साथ बीतेगा, सभी लोग खुशी महसूस करेंगे।

**धनु** — आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज किसी भी काम को करने से पहले उससे संबंधित जानकारी हासिल करने से ज्यादा सफलता मिलेगी। आप अपनी प्रतिभा को पहचाने और पूरी ऊर्जा के साथ अपनी दिनचर्या व कार्यप्रणाली को व्यवस्थित रखेंगे। आज अपनी योजनाओं व गतिविधियों को किसी के साथ भी शेयर ना करें।

**मकर** — आज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। आज नौकरी कर रहे लोगों को अपने किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने में बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। आज जीवनसाथी के साथ खट्टी-मीठी नोकझोंक रहेगी। जिसकी वजह से संबंधों में और अधिक नजदीकियां बढ़ेंगी। हर काम को लगन से करने की ललक रहेगी।

**कुंभ** — आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। पारिवारिक माहौल बेहतर बना रहेगा। आपके काम में परिवार वालों का सहयोग बना रहेगा। कारोबार में मेहनत का फायदा मिलेगा। आज राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े मित्र की पावर आपके लिए कारगर साबित होगी। उसके साथ लाभदायक बिंदुओं पर विचार-विमर्श भी रहेगा।

**मीन** — आज आपका दिन ख़ास से रहेगा। आपके पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। नवविवाहितों के जीवन में खुशियाँ बढ़ेगी। आज अपने जीवन को सकारात्मक नजरिए से समझने की कोशिश करेंगे तो इससे चल रही गलतफहमिया सुलझ जाएंगी। धर्म और अध्यात्म के प्रति बढ़ता हुआ आपका विश्वास आपको शांति और मानसिक सुख देगा।

# हर घर तिरंगा अभियान में हर वर्ग के लोग ले रहे बढ़-चढ़कर हिस्सा



**० कलेक्टर, एसपी, सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं तिरंगा यात्रा में हुए शामिल**
**० राजा फतेह सिंह खेल मैदान से जयस्तंभ चौक तक छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई तिरंगा रैली,**

खैरागढ़ (दावा)। हर घर तिरंगा' अभियान अंतर्गत आज जिला मुख्यालय के राजा फतेह सिंह खेल मैदान में विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा नंद चंद्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं सभी शासकीय विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राएं रैली में शामिल हुवे। यह रैली नगर के मुख्य मार्ग राजा फतेह सिंह खेल मैदान से जयस्तंभ चौक, गोलबाजार, हॉस्पिटल चौक, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय होते हुवे खेल मैदान में समाप्त हुआ। हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत कलेक्टर, एसपी सहित जनप्रतिनिधियो, अधिकारीयो-कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने हस्ताक्षर अभियान के साथ सेल्फी भी खिंचवाई।

उल्लेखनीय है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 9 से 15 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान राज्य से लेकर जिला स्तर पर तिरंगा यात्राएं, तिरंगा रैलियां, तिरंगा दौड़ और मैराथन जैसे अनेक देश-भक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पांडे, संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, स्वच्छता दीदिया सहित बड़ी संख्या में आम नागरिकगण उपस्थित थे।

# कन्या शासकीय शाला मोहला एवं शासकीय कन्या परिसर अं. चौकी में बालिकाओं को यातायात नियमों की जानकारी दी



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। पुलिस अधीक्षक वाय पी सिंह (भा.पु.से), जिला मोहला मॉनपुर अम्बागढ़ चौकी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर (भा.पु.से), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डी सी पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अं चौकी अर्जुन कुर्रे के मार्गदर्शन में व यातायात प्रभारी शेषनारायण देवांगन के टीम द्वारा आदिवासी बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण पहल योजना कार्यक्रम यातायात प्रभारी द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला मोहला एवं शासकीय कन्या परिसर अंबागढ़ चौकी में बालिकाओं को यातायात नियमों की जानकारी दिया गया जिसमें हमें सड़क दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए वाहन चलाना एवं सड़क का उपयोग साथ ही रोड इंजीनियरिंग ट्रैफिक एजुकेशन ट्रैफिक एनफोर्समेंट के संबंध में बारीकी से जानकारी दिया गया रोड मार्किंग की आवश्यकता या आवश्यकता एवं उपयोगिता रोड मार्किंग क्या है रोड में लगे संकेतक बोर्ड कैसे होते हैं एवं उसकी उपयोगिता क्या है साथ ही बिना लाइसेंस के वाहन नहीं चलाएं, लाइसेंस की प्रक्रिया को भी बताया गया और दो पहिया वाहन में दो से अधिक सवारी न करें दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें पीछे बैठे सवारी को भी हेलमेट पहनाये साथ ही चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें और कोई भी वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग ना करें तथा वाहन चालक नशे के हालात में कोई भी वाहन नहीं चलाएं वाहन का दस्तावेज अपने साथ वाहन में रखें और वाहन निर्धारित गति सीमा में चलाएं वाहन चलाते समय अपने साइड में वाहन चलाएं रांग साइड वाहन ना चलाएं और सुरक्षित अपने गंतव्य पर जाए उपरोक्त नियमों की जानकारी विस्तृत रूप से स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षक गण के उपस्थिति में बालिकाओं को विस्तार पूर्वक यातायात नियमों की जानकारी दिया गया और दुर्घटना से स्वयं सुरक्षित रहे और दूसरे को सुरक्षित रखें, सभी को समझाईश दिया गया और यह भी बताया गया कि अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को यातायात नियमों के पालन करने हेतु प्रेरित करें बताया गया।

# मंडल भाजपा छुईखदान ने निकाली तिरंगा यात्रा



छुईखदान (दावा)। भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर पूरे देश भर में तिरंगा यात्रा का आयोजन 11 अगस्त से लेकर 14 अगस्त तक के किया जा रहे हैं।। इसी तारतम्य में आज मंडल भाजपा छुईखदान के द्वारा प्रदेश भाजपा छत्तीसगढ़ एवं जिला भाजपा खैरागढ़ छुईखदान गंडई के निर्देशानुसार तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक कोमल जंघेल उपस्थित थे। जिसमें समस्त मोर्चा के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण सम्मिलित हुए, सभी कार्यकर्ता हाथ में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता के जयकारा के साथ आज नगर के जयस्तंभ चौक से लेकर बस स्टैंड बाजार लाइन से होकर जैन मोहल्ला राजमहल चौक से होते हुए, जमुना चौक से जय स्तंभ चौक में समापन किया गया। यह कार्यक्रम पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश भर में जगह-जगह किया जा रहा है और इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व युवा मोर्चा को दिया गया है, जिसमें कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे जोशीले अंदाज में तिरंगा झंडा के साथ यह यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा को लेकर नगर में भारी उत्साह का माहौल देखा गया जिसमें नगर के लोगों ने इस यात्रा को आज के युवा पीढ़ी को एक अच्छी संदेश देते हुए देश के आजादी में बलिदान देने वाले महापुरुषों को याद करते हुए उनको पूरे भारत में जीवंत रखने का काम भाजपा के द्वारा किया जा रहा है जिसका नगर वासियों ने सराहना किया।

इस तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से पुर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला उपाध्यक्ष प्रेमनारायण चंद्राकर, प्रदेश महिला मोर्चा कार्य समिति सदस्य राजलक्ष्मी पंसारी, जिला अल्प संख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष नवनीत जैन, मंडल अध्यक्ष नेतराम जंघेल, अरविंद शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण गुप्ता, विक्रांत चंद्राकर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविन्द शर्मा, गीता टानडेकर झुलपे, शैवया वैष्णव, कृष्णकांत महोबिया, ज्योति जंघेल, प्रकाश जंघेल, मंडल महामंत्री अवध जंघेल, भावेश कोचर, मण्डल उपाध्यक्ष राघवेन्द्र किशोर दास वैष्णव, लेखराम शिवहरे, किशन साहू, नवीन चंद्राकर, अर्जुन महोबिया, ललित चोपडा, किरन गुप्ता, रोशन चंद्राकर, अर्जुन महोबिया, महावीर जैन, रोशन जंघेल, पन्ना मंडावी, ज्ञानसिह यादव, विजय जंघेल, अवध कुटेली, मनोज चंदेल, कमलेश साहू, सहित वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पिकअप की ठोकर से छात्रा की मौत

**साइकिल से कॉलेज जाने के दौरान हुआ हादसा**



बालोद(दावा)। पिकअप की ठोकर से सायकिल से कॉलेज जा रही छात्रा की मौत हो गई। यह घटना अर्जुंदा थाना क्षेत्र के ग्राम परसतराई और बोरगाहन गांव के बीच की है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची. आरोपी पिकअप चालक को गिरफ्तार कर पुलिस मामले की जांच कर रही. मिली जानकारी के अनुसार मृतका याचना देशमुख पिता टिकेश्वर देशमुख उम्र 19 वर्ष अर्जुन्दा कॉलेज में बीएससी प्रथम ईयर की छात्रा थी. वह अपने गांव परसतराई से अर्जुन्दा कॉलेज जाने निकली थी। तभी चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम पूरी से कुर्दी फरसी खदान जा रहे पिकअप ने छात्रा को ठोकर मार दी, जिससे मौके पर ही छात्रा ने दम तोड़ दिया. घटना की सूचना पर अर्जुन्दा पुलिस ने मृतिका के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं आरोपी पिकअप चालक प्रीतराम मंडावी ग्राम पूरी थाना चारामा निवासी को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की जांच में जुटी है।

# हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया के उर्स मुबारक मौके पर गुलफ्शानूर ने जीता विनर ऑफ द कॉम्पटीशन का खिताब



डोंगरगढ़(दावा)। प्रतिवर्शानुसार हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया यादगार उर्स मुबारक सूफ़ी ख्वाजा शैख़ फ़ौजी रियाजुद्दीन नूरे कुतबे आलम वेलफेयर ट्रस्ट रजा नगर व वार्ड नं. 20 में हर्षोल्लास से मनाया गया। 3 दिवसीय उर्स मुबारक मौके पर विभिन्न प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमे विनर ऑफ द कॉम्पटीशन का खिताब गुलफशानुर पिता मोहसिन खान ने जीता। कैटेगिरी 1 में तिलावत मय तर्जुमा, सुरएफ़ातेहा सुर अलमतरा सुर अलमतरा नास आयतल कुरसी तिलावत मय तरजुमा कॉम्पिटिशन 4 वर्षीय हसनी राबिया ने जीता 4 से 14 वर्ष कैटेगिरी कॉम्पटीशन में विनर ऑफ द कॉम्पटीशन एवं प्रत्येक कैटेगिरी प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार ट्रस्ट द्वारा दिया गया।

सूफ़ी ख्वाजा शैख़ फ़ौजी रियाजुद्दीन नूरे कुतबे आलम वेलफ़ेयर ट्रस्ट ने बच्चो को हौसला अफजाई किया और दिनी तालीम से बच्चो को अवगत कराकर उर्स मुबारक को सफल बनाया। ट्रस्ट ने उर्स मुबारक मौके पर हिस्सा लेने वाले एवं सहयोग करने वाले का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया।

पुरस्कार प्राप्त करने वालो में प्रथम हसनी राबिया पिता बिरहानुदीन, इशबा फातेमा सुलैत पिता इसरार शेख, जुबैरिया बानो पिता अरमानुल हक, अब्दुल एजाज पिता अब्दुल इसरार, साइमा खान पिता निशारुद्दीन डोंगरगढ़, ईरम फातिमा पिता इश्तेयाक बेग, मोईन खान पिता अशरफ खान, हफ्सा कौसर पिता रिजवानुद्दीन, नुरजहा परवीन पिता अब्दुल गफ़ूर, अलिस्बा फातिमा पिता इलियास खान, मामूरा परवीन पिता मुंतजिमुद्दीन कदीर, गुलफशानुर पिता मोहसिन खान, आतिब अहमद पिता अकील अहमद, शेख गुलाम मसऊद पिता मुंतजिमुद्दीन कदीर, शमा परवीन पिता सरफुद्दीन एजाज, मुआरिफ खान पिता मोहसिन खान, जैनब फातिमा पिता अशरफ खान, मुमताज बानो पिता अब्दुल अहमद ने नमाज़ पढ़ो कुरआन सुनाओ कंपीटीशन में हिस्सा लिया।

# संकुल स्तरीय खेल में आसरा का रहा दबदबा



डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम खुज्जी में दो दिवसीय संकुल स्तरीय बौद्धिक एवं खेल प्रतियोगिता का शानदार समापन 11 अगस्त को हुआ, सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा आयोजित इस संकुल स्तरीय खेल में अलग अलग विधाओं में आसरा, अर्जुनी, मोहड़, आमगांव, खुज्जी, टेडसरा, तुमड़ीबोड़ स्कूल के प्रतिभागी बच्चे शामिल हुए और सभी ने अपने खेल कौशल से दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर आसरा की छात्रा तेजल साहू 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर रही। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर आसरा बालक वर्ग खो-खो में प्रथम, कबड्डी में द्वितीय, रंगोली में हर्षा कंवर प्रथम, गीता पाठ में सोहम साहू प्रथम, मूर्तिकला में कान्हा प्रथम, 200 मीटर दौड़ में संदीप एवं दीपिका प्रथम, ऊंची कूद में वेदांत द्वितीय, लम्बी कूद में दानेश्वर द्वितीय. वहीं फुगड़ी में सिद्धि द्वितीय, ऊंची कूद में मुनेश प्रथम, कुर्सी दौड़ में जागेश द्वितीय स्थान पर रहे. खेल प्रशिक्षक आचार्य पालनदास साहू का योगदान काफी महत्वपूर्ण रहा। इस सफलता पर शाला के प्रधानाचार्य भगवानदास साहू एवं शाला परिवार तथा परिजनों ने बधाई दिया है।

# विकासखंड स्तरीय हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। अंबागढ़ चौकी के स्वामी आत्मानंद स्कूल में विकासखंड स्तरीय हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या ताम्रकार, पूर्व विधायक संजीव शाह, कलेक्टर एस जयवर्धन, एसडीएम हेमेंद्र भुआर्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्रीमति प्रियवंदा रामटेके अन्य जनप्रतिनिधि, भाजपा एवं कांग्रेस पदाधिकारी, अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

बच्चों एवं नागरिकों को हर घर तिरंगा का शपथ एवं नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाया गया। बड़ी संख्या में नागरिकगण एवं स्कूली बच्चों ने उत्साह के साथ रैली में हिस्सा लिया। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत नागरिकों को तिरंगा का महत्व बताया गया साथ ही राष्ट्र प्रेम का भाव जागृत किया गया। आत्मानंद विद्यालय से बस स्टैंड, गुप्ता चौक, वेल्डिंग चौक होते हुए लाल किला तक रैली निकाला गया। इसके बाद लाल किला में सैल्फ़ी लिया गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर खैरागढ़ में आयोजित हुआ पालक सम्मेलन



खैरागढ़ (दावा)। शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर खैरागढ़ में बैगलेस डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नई शिक्षा नीति की कक्षाएं लगाई गई तथा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए एवं पालकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के माध्यम से पालकों में उनके बच्चों एवं विद्यालय के संपूर्ण गतिविधियों के संबंध में जागरूकता लाया गया, ताकि पालक एवं शिक्षक के सामूहिक प्रयास से बच्चों के बेहतर भविष्य की नीव गढ़ी जा सकें। इस बैठक का संचालन प्राचार्य जितेंद्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ।

# शासकीय पोष्ट मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास में छात्र संघ का गठन, कैरल्स कोठारी बने अध्यक्ष

**आशीर्वाद समारोह में सेवानिवृत्त आईपीएस श्री आचला, पीआरओ चन्द्रेश ठाकुर सहित अन्य अतिथि हुए शामिल**



राजनांदगांव (दावा)। जिले के अग्रणी छात्रावास शासकीय पोष्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास न्यू महेश नगर राजनांदगांव में सत्र 2024-25 के लिए छात्र संघ के पदाधिकारियों का गठन किया गया। इस अवसर पर छात्रावास के विद्यार्थियों के द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में एमएससी जीवविज्ञान प्रथम वर्ष के विद्यार्थी कैरल्स कोठारी का मनोनयन किया गया। इसी तरह से छात्रावास विद्यार्थियों द्वारा सर्व सम्मति से गोपाल धुर्वे को उपाध्यक्ष, सुभाष सोरी को सचिव, प्रफुल्ल मंडावी को सह सचिव, हर्षदीप भुआर्य को मुख्य सलाहकार, चंद्रहास चन्द्रवंशी को अनुशासन सचिव, मनीष रावटे को क्रीड़ा सचिव, डिकेश्वर को मेस संरक्षक, रुस्तम नूरेटी को स्वास्थ्य मंत्री, होमेश्वर पिस्दा को बागवानी मंत्री, सूरज भुआर्य को सफाई मंत्री, विक्रम चन्द्रवंशी को कंप्यूटर संरक्षक, हरिशंकर मंडावी को ग्रंथालय संरक्षक एवं वासुदेव हारमे को विद्युतमंत्री के रूप में मनोनयन किया गया है। इस अवसर पर छात्रावास के सभाकक्ष में आयोजित आशीर्वाद समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त उप पुलिस महानिरीक्षक डी.आर आचला उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनसंपर्क अधिकारी जिला बालोद एवं छात्रावास के पूर्व अध्यक्ष चंद्रेश ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सहायक खाद्य अधिकारी धरमू किरंगे, अधीक्षक पुरेंद्र महिलांगे एवं प्रशांत सुखदेवे सहित छात्रावास के भूतपूर्व अध्यक्ष रोहित घराना, मनोज चंद्रवंशी, विनोद मंडावी, बिट्टू कोमरे, डामेश्वर चन्द्रवंशी, नंदू ध्रुव सहित बड़ी संख्या में वर्तमान एवं भूतपूर्व विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डी.आर.आचला ने छात्र जीवन को त्याग और तपस्या का समय बताते हुए कठिन परिश्रम, धैर्य और लगन के साथ निरंतर मेहनत करते हुए जीवन में उपलब्धि हासिल कर अपने माँ-बाप, परिवार एवं छात्रावास का नाम रोशन करने को कहा। उन्होंने विद्यार्थियों को पूरे जीवन भर जिज्ञासु बनकर निरंतर ज्ञानार्जन करने, अच्छे आचरण एवं नैतिक एवं मानवीय मूल्यों को भी आत्मसात करने को कहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्रावास के पूर्व अध्यक्ष चंद्रेश ठाकुर ने कहा कि हम सभी का अत्यंत सौभाग्य है कि हमें छात्रावास में रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने छात्रावास को संस्कार भूमि एवं वंचित वर्गों के विद्यार्थियों के लिए संरक्षण स्थलीय बताया। उन्होंने हमारे विद्यार्थियों के लिए असीमित क्षमता एवं प्रतिभा विद्यमान है, बस आवश्यकता है उसे कठिन परिश्रम से परिष्कृत एवं परिमार्जित करने की। श्री ठाकुर ने कहा कि इसके लिए हमारे विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन एवं रास्ता बताने की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने छात्रावासी विद्यार्थियों को छात्रावास की गौरवशाली परंपरा एवं विरासत को अक्षुण्ण बनाये रखते हुए कठिन परिश्रम कर जीवन में बड़ी उपलब्धि हासिल करने तथा उसका उपयोग समाज एवं मानव कल्याण के लिए करने को कहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक खाद्य अधिकारी धरमु किरंगे ने छात्रावासी एवं विद्यार्थी जीवन के महत्ता एवं उपयोगिता के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने इस महत्वपूर्ण कालखण्ड का सदुपयोग करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने तथा अपने माता-पिता, समाज एवं संस्थान का नाम रोशन करने को कहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधीक्षक पुरेंद्र महिलांगे एवं प्रशांत सुखदेवे ने विद्यार्थियों के नैतिक दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अतिथियों एवं छात्रावास के विद्यार्थियों ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कोपेडीह में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा रैली एवं स्वच्छता त्यौहार का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम पंचायत कोपेडीह में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा रैली एवं स्वच्छता त्यौहार का आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छताग्राही दीदियों एवं ग्रामीणों द्वारा गांव की साफ-सफाई की गई। सरपंच, वार्ड पंच, जनप्रतिनिधि, स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों द्वारा स्वच्छता जागरूकता के लिए स्वच्छता रैली एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत आमजनों में देश भक्ति की भावना विकसित करने व राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान के लिए तिरंगा रैली निकाली गई। सभी को हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के सम्मान के लिए शपथ दिलाई गई। स्कूली बच्चों द्वारा स्वच्छता के विषय पर पोस्टर मेकिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम बनाने के लिए घरेलू स्तर पर ही सूखे एवं गीले कचरे को सेग्रीगेट करने के बारे में बताया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत डोंगरगांव, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, स्कूल स्टाफ, वाश प्रोग्राम से बसंत मारकंडे, एबीस मोटिवेटर सुश्री भूमिका साहू उपस्थित थी।

# ढारा में हर घर तिरंगा, स्वच्छता एवं डायरिया के रोकथाम हेतु चलाया गया जागरूकता अभियान



राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत ढारा में स्वच्छता अभियान एवं हर घर तिरंगा अभियान तथा डायरिया के रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों द्वारा तिरंगा रैली एवं स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। सभी को हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के सम्मान के लिए शपथ दिलाई गई एवं हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों द्वारा सायकल रैली निकाल कर तिरंगा फहराने का संदेश दिया गया। स्कूली बच्चों द्वारा रंगोली, चित्रकारी का आयोजन किया गया। स्वच्छ भारत अभियान के तहत बस स्टैण्ड, रोड किनारे एवं चौक-चौराहों की साफ-सफाई की गई। रैली के माध्यम से डायरिया के रोकथाम का संदेश दिया गया। ग्रामीणों से हर घर कचरा संग्रहण कार्य करने वाली दीदीयों को स्वच्छता शुल्क देने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर सरपंच, पंच, एसडीएम, सीईओ, बीईओ, प्राचार्य, शिक्षक, ब्लॉक समन्वयक, करारोपण अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, स्कूली बच्चे, ग्रामीण उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स हुए चोटिल

मैनचेस्टर। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को रविवार को द हंड्रेड पुरुष प्रतियोगिता में मैच में खेलते समय हैमस्ट्रिंग चोट लग गई और उनका श्रीलंका के खिलाफ 21 अगस्त से मैनचेस्टर में शुरू होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलना संदिग्ध नजर आ रहा है।



हैरी ब्रूक के अनुसार चोट की गंभीरता की पुष्टि के लिए स्टोक्स का सोमवार को स्कैन कराया जाएगा। ब्रूक ने मैच के अंत में कहा, यह अच्छा नहीं लग रहा है, दुर्भाग्य से, मैं कल स्कैन कराऊंगा और देखूंगा कि यह कैसा है।ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड की द हंड्रेड प्रतियोगिता में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के लिए खेलते समय एक त्वरित सिंगल लेने का प्रयास करते समय इंग्लैंड के ऑलराउंडर को चोट लग गई और उन्हें मैदान छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। सुपरचार्जर्स को अपने साथी उत्तरी प्रतिद्वंद्वी पर सात विकेट की मामूली जीत दर्ज करते देखने के लिए टीम डगआउट में लौटने से पहले, उन्हें बाद में बैसाखी पर देखा गया।

## सिंगापुर एयरलाइंस के विमान में निकला धुंआ, मचा हड़कंप

टोक्यो। जापान के नारिता एयरपोर्ट पर सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब लैंडिंग करते हुए सिंगापुर एयरलाइंस के विमान से अचानक धुआं उठने लगा। घटना के बाद नारिता एयरपोर्ट के रनवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। हालांकि, गनीमत रही कि हादसे में कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ।

समाचार एजेंसी एएफपी की खबर के मुताबिक, अधिकारियों को सिंगापुर एयरलाइंस के विमान के बाएं इंजन में धुआं उठने की सूचना मिली। एयरपोर्ट और फायर सर्विस के अधिकारियों ने बताया कि धुआं निकलने के बाद छह दमकल की गाड़ियां और दो एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुंचीं। एयरपोर्ट के रनवे को सुबह 7.40 बजे से बंद कर दिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए फायर सर्विस के अधिकारियों ने विमान का घंटे भर निरीक्षण किया। विमान में चालक दल के सदस्यों सहित 276 यात्री सवार थे।

## होटल की छत पर हेलीकॉप्टर क्रैश, पायलट समेत दो की मौत

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के केर्न्स शहर में एक हेलीकॉप्टर होटल की छत से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसके तुरंत बंद आपातकालीन दल को बुलाया गया। पुलिस ने तुरंत पूरे होटल को खाली करा दिया है। करीब 400 लोगों को निकाला गया है।



ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के मुताबिक हादसे में पायलट और उसमें सवार एक अन्य व्यक्ति की मौत हुई है। केर्न्स की पहचान ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख पर्यटक शहर के रूप में होती है। इसे ऑस्ट्रेलिया के ग्रेट बैरियर रीफ का प्रवेश द्वार माना जाता है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि एक सैकड़ों होटल मेहमानों को होटल की छत से हेलीकॉप्टर के टकराने के बाद निकाला गया। केर्न्स में हिल्टन के डबल ट्री होटल में दुर्घटना के बाद सोमवार को लगभग 2 बजे आपातकालीन दल को बुलाया गया। क्वींसलैंड राज्य पुलिस ने एक बयान में कहा कि एहतियात के तौर पर इमारत को खाली करा लिया गया और जमीन पर मौजूद किसी व्यक्ति को चोट नहीं आई।

## शेयर बाजार में आई गिरावट

नई दिल्ली। उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू शेयर बाजार सोमवार को आखिरकार सपाट बंद हुआ। सोमवार दोपहर को, सेंसेक्स और निफ्टी 50 ने काफी रिकवरी की और अंतर्राष्ट्रीय शेयरों में उत्साहजनक रुझानों और विदेशी धन के नए प्रवाह के कारण लगातार बढ़े। लेकिन आखिर में लाल निशान में बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 56.99 अंक या 0.07प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,648.92 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 20.50 अंक या 0.08प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,347.00 के स्तर पर बंद हुआ। खबर के मुताबिक, शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क सूचकांकों में गिरावट आई थी क्योंकि निवेशक अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट से पैदा हुए संभावित व्यवधानों को लेकर सतर्क थे, जिसमें सेबी अध्यक्ष और उनके पति की बरमूडा और मॉरीशस में स्थित अस्पष्ट ऑफशोर फंडों में अघोषित भागीदारी के बारे में बताया गया था। बीएसई पर 12 अगस्त, 2024 को दोपहर 3 बजे 1,945 शेयरों में तेजी देखी गई जबकि 2,101 शेयरों में गिरावट आई। इसके अलावा, 114 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। कुल 4,160 शेयरों का कारोबार हुआ।

# वेस्टइंडीज-दक्षिण अफ्रीका का पहला टेस्ट रद्द

**नई दिल्ली। वेस्टइंडीज़ और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेली जा रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज़ का पहला मुकाबला रद्द हो गया है. इस मुकाबले के रद्द होने से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के प्वाइंट्स टेबल में फेरबदल देखने को मिला. क्या इस फेरबदल से टीम इंडिया को नुकसान पहुंचा? तो आइए जानते हैं कि दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज़ का पहला टेस्ट रद्द हो जाने से डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में टीम इंडिया को क्या नुकसान हुआ.**



भारत को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में नुकसान?

बता दें कि वेस्टइंडीज़-दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला गया पहला टेस्ट रद्द हो जाने से टीम इंडिया को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के प्वाइंट्स टेबल में कोई फर्क नहीं पड़ा. इस मुकाबले से पहले भी टीम इंडिया अव्वल नंबर पर थी और अभी भी पहले ही नंबर पर काबिज है. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के चक्र में टीम इंडिया ने अब तक 9 टेस्ट खेल लिए हैं. भारत ने 9 में से 6 मैचों में जीत दर्ज की, 2 मैच गंवाए और 1 मुकाबला ड्रॉ पर खत्म हुआ. टीम इंडिया का जीत प्रतिशत 68.51 का है.

### खराब हाल में है दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज़

दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज़ की टीमें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के प्वाइंट्स टेबल में काफी निचले पायदान पर हैं. अफ्रीका 7वें पायदान पर मौजूद है, जबकि वेस्टइंडीज़ 9वें यानी सबसे आखिरी पायदान पर काबिज़ है. दक्षिण अफ्रीका ने अब तक इस चक्र में 5 मैच खेल लिए हैं, जिसमें उन्हें 1 में जीत मिली, 3 गंवाए और 1 ड्रॉ पर खत्म हुआ. अफ्रीका का जीत प्रतिशत सिर्फ 26.67 का है. वहीं वेस्टइंडीज़ ने अब तक 2023-25 चक्र में 8 मैच खेल लिए हैं, जिसमें उन्होंने 1 मैच जीता, 5 गंवाए और 2 ड्रॉ पर खत्म हुए. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा चक्र में फिलहाल टीम इंडिया अव्वल नंबर पर है. फिर ऑस्ट्रेलिया दूसरे नंबर पर दिखाई देती है. ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 12 मैच खेल लिए हैं, जिसमें उन्होंने 8 में जीत दर्ज की, 3 गंवाए और 1 ड्रॉ पर खत्म हुआ. इसके बाद न्यूज़ीलैंड तीसरे नंबर पर नज़र आती है. न्यूज़ीलैंड ने अब तक 6 मैच खेल लिए हैं, जिसमें 3 जीते और 3 गंवाए. फिर श्रीलंका चौथे और पाकिस्तान पांचवें नंबर पर आती है. श्रीलंका ने 4 में से 2 मैच जीते और 2 गंवाए. वहीं पाकिस्तान ने 5 मैच खेल लिए, जिसमें 2 जीते और 3 गंवाए.

# डोमेस्टिक क्रिकेट खेलेंगे रोहित और विराट कोहली

नईदिल्ली। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के तुरंत बाद ही टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया था. अब भारत को इस साल सिर्फ टेस्ट क्रिकेट में खेलते नजर आएंगे, लेकिन इस बीच रिपोर्ट्स के हवाले से जानकारी सामने आ रही है कि रोहित और विराट 5 सितंबर में खेली जाने वाली घरेलू दलीप ट्रॉफी में खेलते नजर आ सकते हैं.



भारतीय टीम को सितंबर महीने से साल के आखिर तक 3 टेस्ट सीरीज खेलनी हैं. बांग्लादेश और न्यूजीलैंड की मेजबानी करने के बाद टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी. लेकिन, इस बीच भारतीय स्टार क्रिकेटर्स रोहित शर्मा और विराट कोहली फ्री रहेंगे. ऐसे में बीसीसीआई आगामी टेस्ट सीरीज के लिए इन दोनों दिग्गजों को तैयार करने के लिए घरेलू क्रिकेट खिला सकता है.

रिपोर्ट्स की मानें, तो 5 सितंबर से शुरू हो रही दलीप ट्रॉफी में रोहित-विराट खेलते हुए दिख सकते हैं. बीसीसीआई इस घरेलू टूर्नामेंट को नए तरीके से कराने की ताक में है. रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि दलीप ट्रॉफी में अजीत अगरकर की अगुवाई वाला पैनल 4 टीमें इंडिया ए, बी, सी और डी के साथ नए रूप में हिस्सा लेती नजर आएंगी जबकि इससे पहले इस टूर्नामेंट में जोन की टीमें हुआ करती थी. भारत के घरेलू क्रिकेट के सत्र का आगाज होने को है. दलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट 5 सितंबर से 24 सितंबर तक खेला जाएगा।

# डेब्यूटेंट इंग्लिश खिलाड़ी को मिला बड़ा सम्मान, चमारी अट्टापट्टू की झोली में आया महिला अवॉर्ड

नई दिल्ली। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने 12 अगस्त को आईसीसी मेंस और वूमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ के विजेताओं का एलान किया। जुलाई महीने के लिए मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड इंग्लैंड के गस एटकिंसन को मिला।

मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए आईसीसी ने वॉशिंगटन सुंदर, चार्ली कैसल और गस एटकिंसन को नॉमिनेट किया था, जिसमें से इंग्लिश खिलाड़ी ने बाजी मारते हुए ये अवॉर्ड अपने नाम किया। वहीं, महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड श्रीलंका की कप्तान चमारी अट्टापट्टू के नाम रहा।



इंग्लैंड के गेंदबाज गस एटकिंसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया। यह उनकी डेब्यू टेस्ट सीरीज रही, जिसमें उन्होंने कमाल का परफॉर्मेंस के साथ ही आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीत लिया।इंग्लिश खिलाड़ी गस ने इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज के बीच खेली गई टेस्ट सीरीज में कुल 22 विकेट अपने नाम किए। इस दौरान उनका औसत 16.22 का रहा और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज से भी नवाजा गया।

26 साल के एटकिंसन ने जुलाई में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने अपने पहले मैच में ही कुल 12 विकेट चटकाए थे। एटकिंसन इंग्लैंड की तरफ से टेस्ट डेब्यू करते हुए 10 विकेट हॉल लेने वाले 8वें गेंदबाज बने थे।वहीं, आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड श्रीलंका की कप्तान चमारी अट्टापट्टू ने जीता। चमारी की कप्तानी में श्रीलंकाई टीम ने भारतीय महिला टीम को फाइनल में हराकर महिला एशिया कप का खिताब पहली बार जीता।

# न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए किया 15 सदस्यीय टीम का एलान

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र और श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। कीवी टीम ने उप-महाद्वीप दौरे के लिए पांच स्पिनर्स को स्क्वाड में शामिल किया है।

न्यूजीलैंड ने मिचेल सैंटनर, एजाज पटेल, रचिन रवींद्र, माइकल ब्रेसवेल और ग्लेन फिलिप्स के रूप में पांच स्पिनर्स को शामिल किया है। वहीं, डेवोन कॉनवे, टॉम लैथम, केन विलियमसन और डैरिल मिचेल विशेष बल्लेबाजों की भूमिका निभाएंगे। वैसे, विल यंग को अतिरिक्त बल्लेबाजी विकल्प के रूप में चुना गया है। न्यूजीलैंड ने पेस अटैक की जिम्मेदारी विल ओ रुड़के और बेन सियर्स पर सौंपी है, जो अपने पहले विदेशी दौरे पर जाएंगे। अनुभवी ट्रेंट बोल्ट को जगह नहीं मिली। ओ रुड़के और सियर्स ने इस साल की शुरुआत में क्रमश : दक्षिण अफ्रीका व ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया था। न्यूजीलैंड की टीम अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रेटर नोएड में 9-13 सितंबर तक एकमात्र टेस्ट खेलेगी। इसके बाद वह 18 सितंबर और 26 सितंबर से गॉल में श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। टिम साउथी (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कॉनवे, मैट हेनरी, टॉम लैथम (उप-कप्तान), डैरिल मिचेल, विल ओ रुड़के, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिचेल सैंटनर, बेन सियर्स, केन विलियमसन और विल यंग।

# मुशिफ़कुर और तस्किन की बांग्लादेशी टेस्ट टीम में वापसी

ढाका। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज़ मुशिफ़कुर रहीम और तेज़ गेंदबाज़ तस्किन अहमद की बांग्लादेश टेस्ट टीम में वापसी हुई है। दोनों को 21 अगस्त से रावलपिंडी में पाकिस्तान के ख़िलाफ़ शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज़ के लिए 16-सदस्यीय बांग्लादेशी टेस्ट टीम में चुना गया है। ये दोनों क्रिकेटर बांग्लादेश की पिछली टेस्ट सीरीज़ का हिस्सा नहीं थे, जो श्रीलंका के ख़िलाफ़ इस साल मार्च में खेला गया था। जहां मुशिफ़कुर अंगूठे की चोट के कारण बाहर थे, वहीं तस्किन को कंधे की चोट से उबरने के बाद आराम दिया गया था। तस्किन ने अपना पिछला टेस्ट जून 2023 में अफ़ग़ानिस्तान के ख़िलाफ़ खेला था।

# यूरोप के सबसे बड़े परमाणु पावर प्लांट में लगी आग, रूस और यूक्रेन एक-दूसरे पर लगाया आरोप

नई दिल्ली। यूरोप के सबसे बड़े परमाणु प्लांट में अचानक आग लग गई। इस घटना से पूरे यूरोप में अफरा-तफरी मच गई है। दक्षिण-पूर्वी यूक्रेन में मौजूद जेपोरिजिया परमाणु प्लांट में आग लगने की खबर ने सभी के होश उड़ा दिए हैं। इस परमाणु प्लांट में आग कैसे लगी? हर कोई इस सवाल का जवाब ढूंढने में लगा है। मगर इसी बीच रूस और यूक्रेन ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। दोनों देश इस आग के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।



बता दें कि यूक्रेन पर हमला करने के बाद से ही जेपोरिजिया परमाणु प्लांट रूस के कब्जे में है। रूसी सैनिक इस प्लांट पर नजर रख रहे हैं। इसी बीच यूक्रेन ने रूस को इस हादसे का दोषी बताया है तो वहीं रूस यूक्रेन पर इसका आरोप लगा रहा है। जेपोरिजिया परमाणु प्लांट में मौजूद रूस के गवर्नर येवगेनी बालित्स्की का कहना है कि यूक्रेन की सेना ने एनर्जोडार शहर पर जमकर गोलाबारी की, जिसकी वजह से परमाणु प्लांट के कूलिंग सिस्टम में आ लग गई। हालांकि यूक्रेन ने रूस के इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि रूस ने खुद इस परमाणु प्लांट में आग लगाई है और इसका सारा इल्जाम यूक्रेन के सिर डाल दिया है। हालांकि रेडिएशन लेवल अभी सामान्य स्तर पर है। इसलिए घबराने की बात नहीं है। येवगेनी बालित्स्की के अनुसार परमाणु प्लांट के सभी छह कूलिंग सिस्टम को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया है। इसकी कड़ी निगरानी की जा रही है। इस प्लांट में विस्फोट का कोई खतरा नहीं है और स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।

# अफगानिस्तान में बम धमाका, शिया समुदाय को बनाया गया निशाना

इस्लामाबाद। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में भीषण बम धमका हुआ है। एक मिनी वैन में किए गए बम धमाके में कम से कम एक शख्स की मौत हो गई है। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (ढ्ढस्) ने सोमवार को इस हमले की जिम्मेदारी ली है। आतंकवादी संगठन ने एक बयान में कहा कि उसने शिया अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों को निशाना बनाते हुए विस्फोटक उपकरण से धमाका किया। इस्लामिक स्टेट ने बम धमाके में घायल और मारे गए लोगों की संख्या 13 बताई है।



पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने सोमवार को काबुल शहर के पश्चिमी हिस्से में बम धमाके की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि धमाके में एक नागरिक की मौत हो गई और 11 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि विस्फोट दश्ते बराची इलाके में हुआ और पुलिस जांच में जुटी है। काबुल के दश्ते बराची क्षेत्र को आईएस के सहयोगी संगठनों की ओर से बार-बार निशाना बनाया जाता रहा है। इन संगठनों ने स्कूलों, अस्पतालों और मस्जिदों पर कई बार हमले किए हैं। इतना ही नहीं, देश के उन अन्य इलाकों को भी निशाना बनाया गया जहां शिया रहते हैं। इस्लामिक स्टेट अफगानिस्तान में पहले भी शिया समुदाय के लोगों को निशाना बनाकर हमले करता रहा है। आईएस आतंकवादियों ने काबुल और देश के अन्य हिस्सों में हमले किए हैं। 2021 में अफगानिस्तान के कुंदूज़ शहर की एक शिया मस्जिद में बम धमाका हुआ था जिसमें 50 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और 100 से ज्यादा लोगघायल हुए थे। इस्लामिक स्टेट ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी।

**आखिरकार युनूस सरकार ने मांगी माफी, ......**

देश में सांप्रदायिक सौहार्द की पक्षधर है और अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों की निंदा करती है। जिन लोगों ने अल्पसंख्यकों पर हमले किए वे उपद्रवी थे और सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। इस बीच बांग्लादेश बैंक के दो और डिप्टी गवर्नरों तथा वित्तीय खुफिया इकाई के प्रमुख ने अपने पदों से इस्तीफे दे दिए हैं। इनके अतिरिक्त बांग्लादेश बैंक के एक सलाहकार ने भी पद छोड़ने की घोषणा की है। शुक्रवार को बैंक के गवर्नर अब्दुर रऊफ तालुकदेर ने इस्तीफा दिया था।

**19 तक हथियार जमा कराएं आंदोलनकारी**

बांग्लादेश सरकार ने सभी आंदोलनकारियों से अपने हथियार पुलिस थानों में जमा करने के लिए कहा है। अंतरिम सरकार में गृह मंत्रालय के प्रभारी सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल (रिटायर्ड) एम सखावत हुसैन ने आंदोलन के दौरान इस्तेमाल में लाए गए और लूटे गए सभी हथियारों को 19 अगस्त तक जमा करने के लिए कहा है। इनमें बहुत से हथियार थानों के शस्त्रागार और पुलिसकर्मियों से लूटे गए हैं। हुसैन ने कहा है कि 19 अगस्त तक नजदीकी थाने में हथियार जमा न कराने पर सरकार तलाशी अभियान चलाएगी और जिसके पास हथियार पाए जाएंगे उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।

**ह्यूस्टन में हिंदुओं पर हमले के विरोध में आवाज उठी**

अमेरिका के ह्यूस्टन शहर में सोमवार को तीन सौ से ज्यादा हिंदुओं ने एकत्रित होकर बांग्लादेश में हिंदुओं और उनके मंदिरों पर हो रहे हमलों को रोके जाने की मांग की। कहा कि मुस्लिम कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया

## प्रथम पेज का शेष

जाना गलत है।

बांग्लादेश की सरकार उनकी सुरक्षा की प्रभावी व्यवस्था करें। भारतीय और बांग्लादेशी मूल के इन हिंदुओं ने बाइडन प्रशासन से भी मांग की कि वह बांग्लादेश पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित कराए। अमेरिका में इससे पहले व्हाइट हाउस के बाहर वाशिंगटन में और संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के बाहर न्यूयार्क में भी हिंदुओं पर हमलों के विरोध में प्रदर्शन हो चुके हैं।

**बड़ी राहत! खाने-पीने की चीजों के दाम घटे,**

जुलाई 2023 की तुलना में जुलाई 2024 में 5.48 प्रतिशत कम हुए। जून 2024 में ओवरऑल खुदरा महंगाई दर 5.08 प्रतिशत और खाद्य महंगाई दर 9.36 फीसदी रही थी। पिछले साल जुलाई में ये क्रमशः 7.44 प्रतिशत और 11.51 प्रतिशत पर थीं। महंगाई दर में गिरावट केंद्र सरकार के लिए राहत भरी खबर है। सरकार ने रिजर्व बैंक को औसत खुदरा महंगाई दर को मध्यम अवधि में चार फीसदी के आसपास रखने का लक्ष्य दिया है। लंबे समय से यह इससे ऊपर बनी हुई थी।

**सीबीआई मामले में केजरीवाल की याचिका पर सुको में शीघ्र सुनवाई के संकेत**

ने 21 मार्च और सीबीआई में 26 जून 2024 को आरोपी मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुकदमे में मार्च से न्यायिक हिरासत में बंद आरोपी मुख्यमंत्री केजरीवाल को अदालत की अनुमति के बाद 25 जून को पूछताछ और फिर 26 जून को गिरफ्तार किया था।

विशेष अदालत ने उसी दिन सीबीआई की गुहार पर उन्हें इस केंद्रीय जांच एजेंसी की तीन दिनों की हिरासत में भेज दिया था। हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद विशेष अदालत ने शनिवार 29 जून को उन्हें 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, जिसे अदालत ने आगे बढ़ा दिया।

सीबीआई की ओर से प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाती तो श्री केजरीवाल अब तक जेल से रिहा कर दिये गये होते। शीर्ष अदालत ने धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज मुकदमे में केजरीवाल को 12 जुलाई को अंतरिम जमानत दे दी थी।

**यूपी में उपचुनाव : कांग्रेस ने सभी दस सीटों पर बनाए प्रभारी.....**

यहां बता दें कि इन दोनों ही सीटों पर भाजपा की ओर से खुद सीएम योगी आदित्यनाथ कमान संभाले हुए हैं। मझवां (मिर्जापुर) सीट की जिम्मेदारी सांसद वीरेंद्र सिंह और करहल (मैनपुरी) की जिम्मेदारी पूर्व मंत्री चंद्रदेव यादव को दी गई है। फूलपुर सीट के लिए विधायक व पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज और सीसामऊ (कानपुर नगर) के लिए विधायक राजेंद्र कुमार को प्रभारी नामित किया गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इन प्रभारियों को बूथ स्तर पर सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने के लिए कहा है।

**डॉक्टर के रेप-मर्डर का मामले में ममता बनर्जी की चेतावनी.....**

अस्पताल में हुई घटना के विरोध में यह प्रदर्शन हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच में पारदर्शिता की कमी है और सरकार व प्रशासन से अलग-अलग बयान आ रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुई, तो यह आंदोलन और भी बड़ा हो सकता है।

# नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी से फिर हो सकती है पूछताछ, ईडी कसेगा शिकंजा

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मुश्किलें एक बार फिर से बढ़ती नजर आ रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से फिर से पूछताछ करने की तैयारी में है। नई जानकारी के आधार पर, इस महीने के अंत तक उनसे पूछताछ की जा सकती है। इससे पहले भी ईडी ने जून 2022 में राहुल गांधी से करीब 40 घंटे तक पूछताछ की थी। हाल ही में राहुल गांधी ने यह कहकर सनसनी मचा दी थी कि लोकसभा में मेरे एक भाषण के बाद श्वष्ठ मुझे गिरफ्तार करने की तैयारी में हैं।



### राहुल गांधी पर फिर से शिकंजा कसने की तैयारी

प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड केस में नई जानकारी हासिल की है, जिससे राहुल गांधी पर फिर से शिकंजा कसने की तैयारी हो रही है। माना जा रहा है कि इस महीने के अंत तक उनसे पूछताछ हो सकती है। हाल ही में राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट कर यह संकेत दिया था कि उनके खिलाफ छापेमारी की योजना बनाई जा रही है।

### कांग्रेस की प्रमुख हस्तियों पर श्वष्ठ का फोकस

इस मामले में श्वष्ठ ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी से उनके यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड में भूमिका के बारे में सवाल किए थे। गांधी परिवार इस कंपनी के प्रमुख शेयर होल्डर हैं। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस से जुड़े एजेएल की संपत्तियों को धोखाधड़ी के जरिए यंग इंडियन के लाभार्थियों, यानी गांधी परिवार, के कब्जे में दिया गया।

### करीब 751.90 करोड़ रुपए की संपति अटैच

पिछले साल ईडी ने दिल्ली में हेराल्ड हाउस समेत देशभर में करीब 751.90 करोड़ रुपए की संपत्तियों को अटैच किया था। इसके अलावा मुंबई और लखनऊ में भी संपत्तियों को सील किया गया था। इस मामले में कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष पवन बंसल और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भी पूछताछ हो चुकी है।

### नए सबूतों के आधार पर होगी पूछताछ

सूत्रों के अनुसार, पवन बंसल और मल्लिकार्जुन खड़गे से पूछताछ के दौरान नई जानकारी सामने आई है। यह जानकारी यंग इंडियन और एजेएल की फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन, शेयरहोल्डिंग पैटर्न और प्रमोटर्स की भूमिका से संबंधित है। श्वष्ठ अब इन नए सबूतों के आधार पर राहुल गांधी से स्पष्टीकरण मांग सकती है।

### राहुल गांधी ने दिया था ईडी की कार्रवाई का संकेत

राहुल गांधी ने अपनी हाल की संसद में दिए गई 'चक्रव्यूह भाषण' के बाद ङ्ग पर पोस्ट करते हुए संकेत दिया था कि श्वष्ठ उनके खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। हालांकि, इस बयान के बाद बीजेपी के कई नेताओं ने राहुल गांधी पर मोर्चा खोल दिया था। बीजेपी नेता गिरिराज सिंह ने कहा था कि ईडी सिर्फ ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करती है, जो किसी न किसी तरह के भ्रष्टाचार में लिप्त हो। जब राहुल गांधी ने कुछ किया ही नहीं है तो उन्हें ईडी से डरने की क्या जरूरत है।

# छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के एडिशनल जज बने बीडी गुरु व एके प्रसाद



**बिलासपुर। अधिवक्ता बीडी गुरु व एके प्रसाद छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट एडिशनल जज होंगे। भारत सरकार ने दोनों अधिवक्ताओं की जज के रुप में नियुक्ति को लेकर गजट में प्रकाशन कर दिया है। केंद्र सरकार के ज्वाइंट सिक्रेटरी जगन्नाथ श्रीवासन ने नियुक्ति आदेश जारी कर दिया है।**

सुप्रीम कोर्ट कालेजियम की सहमित के बाद केंद्र सरकार ने आदेश जारी कर दिया है। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में अब जजों की संख्या 17 हो जाएगी। बार कोटे से दोनों जजों की नियुक्ति हुई है। सुप्रीम कोर्ट कालेजियम ने अधिवक्ता बीडी गुरु व एके प्रसाद के नाम पर अपनी मंजूरी दे दी थी।

सुप्रीम कोर्ट कालेजियम ने दो जजों की नियुक्ति के संबंध में अपनी सहमित जताते हुए कहा था कि 21 फरवरी 2024 को, छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने अपने दो वरिष्ठतम सहयोगियों के परामर्श से हाई कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में बीडी गुरु व एके प्रसाद की नियुक्ति की सिफारिश की। चीफ जस्टिस की सिफारिश पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने अपनी सहमति व्यक्त की है। कालेजियम ने अपनी सहमति के संबंध में लिखा है कि उम्मीदवारों की फिटनेस और उपयुक्तता का पता लगाने के लिए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मामलों से परिचित सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की राय मांगी गई थी। एकमात्र परामर्शदाता-न्यायाधीश ने इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए अपने विचार पेश करने से खुद को अलग कर लिया है कि सूची में अनुशंसित लोगों में से एक उनसे संबंधित है। उच्च न्यायालय में पदोन्नति के लिए उपरोक्त उम्मीदवारों की योग्यता और उपयुक्तता का आकलन करने के उद्देश्य से, हमने रिकॉर्ड पर रखी गई सामग्री की जांच और मूल्यांकन किया है। हमने भी इसका अवलोकन किया है।

कालेजिमय ने अपनी सहमति के साथ लिखा है कि न्याय विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए इनपुट से संकेत मिलता है कि उम्मीदवार की ईमानदारी के खिलाफ कुछ भी प्रतिकूल नहीं है। वह कई मामलों में पेश हुए हैं, जैसा कि उन मामलों में उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए 54 निर्णयों में दर्शाया गया है। उम्मीदवार की उम्र और बार में स्थिति सहित सभी प्रासंगिक कारकों को ध्यान में रखते हुए, कालेजियम का मानना है कि उम्मीदवार उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए फिट और उपयुक्त है।

# जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने चयन प्रक्रिया हेतु आयु वर्ग एवं तिथि की घोषणा की

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा सत्र 2024-25 हेतु विभिन्न आयु वर्गो हेतु जिला क्रिकेट टीम की चयन प्रक्रिया की तारीख की घोषणा की गई है जिसके अनुसार जिला क्रिकेट संघ राजनांदगांव द्वारा दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में विभिन्न आयु वर्गो की जिले की टीम की चयन प्रक्रिया का आयोजन रखा गया है। जिसके तहत आगामी 17 अगस्त 2024 को अंडर-14 व अंडर-16 तथा 18 अगस्त 2024 को अंडर-19 की जिले की टीम की गठन हेतु चयन प्रक्रिया का आयोजन रखा गया है।

उक्त चयन प्रक्रिया सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। अंडर-14 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए कट ऑफ डेट दिनांक 01 सितम्बर 2010 से 31 अगस्त 2012 तक अर्थात जिन खिलाड़ियों का जन्म 01 सितम्बर 2010 व 31 अगस्त 2012 के बीच हुआ है वे ही भाग ले सकते है। इसी तरह अंडर-16 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए कट ऑफ डेट 01 सितंबर 2009 से 31 अगस्त 2011 के मध्य तथा अंडर-19 के लिए 01 सितंबर 2006 के बाद हुआ है वे ही उक्त चयन प्रक्रियाओं में भाग ले सकते है। चयन प्रक्रिया में शामिल खिलाड़ियों का चयन एसोसिएशन द्वारा नियुक्त चयनकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। उक्त आयु वर्गो की चयन प्रक्रिया में शामिल होने हेतु खिलाड़ियों का ऑनलाइन पंजीयन होना आवश्यक है जिन खिलाड़ियों का पंजीयन नही हुआ है वे आवश्यक दस्तावेजों (पिछ्ले 6 वर्षो की अनुसूची, आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र सभी की मूल प्रति तथा 1 पासपोर्ट साइज फोटो) के साथ सायं 4 - 6 बजे के बीच दिग्विजय स्टेडियम में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते है।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि राजनांदगांव जिला में निवासरत विभिन्न आयु वर्गो के क्रिकेट खिलाड़ियों का पंजीयन किया जा रहा है। यदि कोई खिलाड़ी वर्तमान में किसी कारणवश पंजीयन कराने में असमर्थ है तो वह खिलाड़ी ट्रायल दिनांक को आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा कर शामिल हो सकता है। ट्रायल दिनांक को खराब मौसम होने की स्थिति में चयन प्रक्रिया संबंधित जानकारी मोबाइल नं. 9399645345 पर ली जा सकती है ताकि खिलाड़ियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# सूर्या फाउंडेशन युवा सेवा शक्ति संगठन एवं ग्रामीणों द्वारा किया गया वृक्षारोपण



राजनांदगांव (दावा)। सूर्या फाउंडेशन की वृक्षारोपण महाअभियान के तहत आदर्श गांव पेंड्री सुकुलदैहान में सामुहिक वृक्षारोपण किया गया जिसमें मुख्यातिथि भागवत सिन्हा रामायण मंडली विशिष्ट अतिथि निशांत अग्रवाल सलाहकार सूर्या फाउंडेशन दिल्ली वेदप्रकाश साहू सुसायटी सदस्य श्री दुर्गेश साहू युवा सेवा संगठन समिति अध्यक्ष श्री सनत टंडन सूर्या फाउंडेशन छत्तीसगढ़ प्रमुख की उपस्थिति में सूर्या फाउंडेशन और युवा सेवा शक्ति संगठन का विशेष सहयोग रहा।

इस बार वृक्षारोपण को पूरे संकल्प के साथ किया जा रहा है जिसका देख रेखा जिम्मेदारी युवा सेवा शक्ति संगठन के सभी सदस्य अपने हाथ में लिए हैं और पूरा वृक्षारोपण को 100प्रतिशत हिफाजत और सुरक्षा के साथ जीवित रखने का संकल्प लिए हैं, जहाँ पर भी वृक्षारोपण किया जा रहा है वहां अपने द्वारा या सहयोगियों द्वारा टी-गार्ड लगा करके पौधे का संरक्षण कर रहे हैं। इस सामूहिक वृक्षारोपण के तहत सूर्या फाउंडेशन ने 75 पौधे लगाए हैं इसका भी जिम्मा ग्रामीण एवं समिति के सदस्य सुरक्षित रखने के लिए किया गया है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भगवत सिंह ने सभी को कहा कि धन्य है जो यह समिति और जो इन बच्चों के मन में पर्यावरण संरक्षण के लिए मन जागृत हुई और पौधारोपण कर उनकी सुरक्षा संरक्षण करने का संकल्प लिए अतिथि ने बताया कि पेड़ लगाना काम महान एक पेड़ 100 पुत्र समान इस भावना से सभी को एक पेड़ जरूर लगाना होगा जीवन में बहुत बड़ा पुण्य हो जाता है अच्छे कर्म हो जाता है इसलिए सभी से आग्रह भी किया कि कम से कम एक पेड़ जरूर लगाए।

विशिष्ट तिथि निशांत भी दिल्ली से आए थे और उन्होंने भी पर्यावरण को अपने आप से और अपने घर से शुरू करना चाहिए अपने घर में ऐसे जरूरतमंद सभी फलदार पौधे लगाओ जिससे आने वाले समय में अपने घर में अपने परिवार के खाने के लिए खुद के बॉडी से फल प्राप्त कर सके इससे प्रेरणा लेकर पूरे गांव में अन्य लोग भी अपने घरों में फलदार पौधे लगाएंगे गांव में सार्वजनिक जगहों में छायादार पौधे लगाएंगे जिससे हमें स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ फल और शुद्ध हवा मिलेगा। इस कार्यक्रम में सूर्या फाउंडेशन की शिक्षक बंधु सूरज साहू, प्रीतम निर्मलकर, दिना कवर संतराम सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, चिंताराम यादव, युवराज साहू, हीरेन्द्र साहू, लोमन साहू, लेखराम साहू, उमेश साहू, कमलेश पटेल, विजय साहू, दुर्गेश साहू, चित्ररेखा साहू सभी सूर्या कार्यकर्ता रहे।

# प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज का ढोल नगाड़े बजाकर जोरदार स्वागत- आसिफ



**रामनगर में हनुमान मंदिर में दर्शन कर किया वृक्षारोपण**

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज एवं प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेन्दू के रामनगर राजनांदगांव आगमन पर शहर जिला अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के उपस्थिति में शहर उत्तर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आसिफ अली ने कांग्रेस गमछा पहना कर जोरदार स्वागत किया, ततपश्चात प्रदेश अध्यक्ष जी ने हनुमान मंदिर में दर्शनकर मंदिर के सामने वृक्षारोपण किया। ब्लाक के कार्यकता एवं पदाधिकारियों से मुलाकात कर पार्टी हित में ऊर्जा का संचार किया मुख्य रूप से विधायक हर्षिता बघेल, महापौर हेमा देशमुख, अमित चन्द्रवंशी सहित वार्ड पार्षद मधुकर बंजारे, पार्षद सिद्दार्थ डोंगरे, पार्षद प्रतिनिधि इशाक खान, हनीफ खान, हितेश गोन्नाडे, शैलेश ठावरे, शेख अनीस, कृष्णा मेश्राम, प्रियेन्स मेश्राम, चेतन सिन्हा, मो. रफीक, संदीप सोनी राहुल देवांगन, हिमांशु बंजारी, देवेंद्र कलिहारी, राहुल खोब्रागढे, मोनू वर्मा, घासी सिन्हा, यशु, रविन्द्र ठाकुर, तारण वर्मा, किशन सिन्हा, योगेश, जयदीप सिन्हा, अनिल सिन्हा, बृज लाला कडवे, निर्मला, दिव्या, उर्मिला देवांगन, कांति सिन्हा, रोहित यादव, अभिषेक जेम, प्रशांत पात्रे, अलीबाबा, सत्तार खान, किशन हठीले, शिवम, प्रवीण, सुभाष, रोहित, सागर पप्पू, अनीश, शुब्बू, रोहित, बिसन, राज,रोहन, विक्की, तुसार, अजय, राहुल, अजय राजपूत, सहित महिलायें, युवा व वरिष्ठजन उपथित थे।

# बौद्ध समाज द्वारा आदिवासी रैली को जल सेवा प्रदान की गई



**डोंगरगढ़(दावा)। विश्व मुलनिवासी दिवस 2024 डोंगरगढ़ में जिला स्तरीय विश्व मूलनिवासी दिवस की ऐतिहासिक रैली को नागसेन बुद्ध विहार डोंगरगढ़ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा जलसेवा प्रदान की गई व रैली के अलावा यात्रियों एवं अन्य नागरिकों को भी जल पिलाया गया।**

आयोजन स्थल पर मार्ग की साफ सफाई पर भी ध्यान दिया गया। हजारों की संख्या में आदिवासी मुलनिवासी रैली के माध्यम से अपनी संस्कृति को प्रदर्शित किये व अपने अधिकार के लिए सड़क में आवाज उठायें। इस ऐतिहासिक रैली में जल पिलाकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सेवा करने वाले सभी साथियों आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# राव भट्ट समाज ने की सामाजिक भवन की मांग



डोंगरगढ़ (दावा)। विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल से प्रदेश राव भट्ट समाज गिधवा शाखा के सदस्यों ने विधायक निवास में सौजन्य भेंट की। मुलाकात के दौरान उन्होंने विधायक से समाज के कार्यक्रमों में होने वाली समस्याओं से अवगत कराया तथा बताया की उन्हें सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए भवन की आवश्यकता है। वे काफी समय से गिधवा में समाज के लिए भवन की मांग कर रहे हैं।

विधायक श्रीमती बघेल ने उन्हें आश्वस्त किया कि आने वाले समय में सामाजिक कार्यक्रम के लिए आपको कोई कठिनाई नहीं होगी। समाज की मांग को जल्द पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गणेश राम भट्ट, सचिव खेमलाल भट्ट, कोषाध्यक्ष चंद्रभान भट्ट, मीडिया प्रभारी पप्पू भट्ट, गिधवा शाखा अध्यक्ष संतोष भट्ट, उपाध्यक्ष देवकुमार, कोषाध्यक्ष मोरध्वज सचिव, मोजी भट्ट एवं गिधवा शाखा के सभी सामाजिक बंधु माजूद रहे।

# आईईडी ब्लास्ट से महिला की मौत

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है. नक्सलियों के प्लांट किये गए आईईडी बम के ब्लास्ट होने से महिला की मौत हो गई है. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. यह मामल किस्टाराम थाना क्षेत्र के डब्बामरका का है. जानकारी के अनुसार, किस्टाराम थाना क्षेत्र के डब्बामरका गांव निवासी महिला कवासी सुक्की रविवार को गाय चराने के लिए निकली थी. महिला गाय चराने के लिए जंगल के पगडंडी मार्ग में चल रही थी. इस दौरान वह नक्सलियों द्वारा प्लांट किये गए प्रेशर आईईडी बम की चपेट में आई गई, जिससे जोरदार धमाका हुआ और उसकी मौके पर ही मौत हो गई.

आईईडी ब्लास्ट होते से इलाके में सनसनी फैल गई और स्थानीय लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे. उसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी.

# ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस ने बेलगांव में मिनीमाता की पुण्यतिथि मनाई गई



**डोंगरगढ़(दावा)। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू निर्देश पर छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश की प्रथम महिला सांसद ममतामई मिनीमाता की पुण्यतिथि पर डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम बेलगांव में मिनी माता की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई।**

मिनीमाता अमर रहे के नारे लगे इस अवसर पर उपस्थित थे डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, उपाध्यक्ष दिनेतू प्रकाश जांगड़े, महामंत्री ललित लहरे, प्यारेलाल भारती, ईश्वर कुर्रे, भागवत भारती, तोरण दास सोने, नवल सोने, कीर्तन रात्रे, बिसेलाल अहिरवार, शिवकुमार धनीराम लहरे, सुंदरलाल सोने एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# अंजोरा जलाशय पर प्रशासन अब तक मौन क्यों : तुलदास साहू



राजनांदगांव (दावा)। क्षेत्रीय जनपद अंजोरा तुलदास साहू ने बयान जारी कर बताया कि अंजोरा जलाशय 2 जो राजनांदगांव के अंतर्गत आता है, उनका मत्स्य का आवंटन दुर्ग से किया जा रहा है, जो नियम विरुद्ध है, जब अविभाजित दुर्ग में बांध का निर्माण हुआ था, राजनांदगांव जिला निर्माण के बाद बांध राजनांदगांव के अंतर्गत है, लेकिन आज तक बांध का मत्स्य का कार्यवाही राजनांदगांव के अंतर्गत नहीं हुआ है। जनपद सदस्य तुलदास ने प्रशासन से 7 दिवस में कार्यवाही न होने पर चक्काजाम की चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर प्रशासन द्वारा अगर उचित कार्यवाही न होने पर पूरी जवाबदारी प्रशासन ही होंगी।

# सरस्वती शिशु मंदिर खैरागढ़ में आयोजित हुआ पालक सम्मेलन



**ह्यखैरागढ़ (दावा)। शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर खैरागढ़ में बैगलेस डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नई शिक्षा नीति की कक्षाएं लगाई गई तथा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया।**

बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए एवं पालकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के माध्यम से पालकों में उनके बच्चों एवं विद्यालय के संपूर्ण गतिविधियों के संबंध में जागरूकता लाया गया, ताकि पालक एवं शिक्षक के सामूहिक प्रयास से बच्चों के बेहतर भविष्य की नीव गढ़ी जा सकें। इस बैठक का संचालन प्राचार्य जितेंद्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ।

# जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया



**डोंगरगढ़ (दावा)। शहर में जिला स्तरीय विश्व आदिवासी मूलनिवासी दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 9 अगस्त को विश्व आदिवासी मूलनिवासी दिवस घोषित किया गया है इसलिए पूरे विश्व में सर्व आदिवासी लोगों द्वारा प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को एक बडे पर्व के रूप मे धूमधाम से मनाया जाता है, डोंगरगढ़ शहर मे हजारों की संख्या में उपस्थित सर्व आदिवासी लोगो द्वारा सर्वप्रथम अपने आराध्य बम्लेश्वरी दाई व बूढादेव भगवान के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई तत्पश्चात शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, बुजुर्ग, बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया भव्य रैली शहर के मेला ग्राउंड से होते हुए अग्रसेन चौक, रेलवे चौक, गोल बाजार, थाना चौक होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल छीरपानी पहुंची।**

रैली के दौरान महिलाओं में बहुत उत्साह दिखा वे अपने संस्कृति की पहचान कराते हुए आदिवासी वेशभूषा में नजर आए, डीजे की धुन में आदिवासी नृत्य करते बच्चों ने शहर के लोगों का मन मोह लिया तथा डोंगरगढ़ मे 'एक तीर एक कमान, सर्व आदिवासी एक समान' का नारा गूंजता हुआ नजर आया, तत्पश्चात छीरपानी स्थल में कार्यक्रम की शुरुआत हुई, कार्यक्रम में सर्वप्रथम समाज के क्रांतिवीरो का पिला चावल से सेवा जोहार किया गया, मुख्यअतिथि के रूप में राजस्थान से पहुंचे तिरूमाय बबिता कश्यप, अध्यक्षता जसवंत गावड़े जिला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज राजनांदगांव, विशेष अतिथि संतोष पडोती अध्यक्ष तहसील गोंड समाज डोंगरगढ़, बिंदु चंद्रवंशी, सुशीला नेताम मंचस्थ थे, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती कश्यप ने अपने उद्बोधन में सेवा जोहार एवं बमलाई दाई को नमन करते हुए कहा कि मै झारखंड के गोंड समाज की बेटी हूँ और राजस्थान की बहू हूँ। मैंने अपने जीवन के प्रारंभ से ही ह्यूमन राइट्स के माध्यम से समाज का सेवा करते आ रही हूँ। आप सभी भी अपने आदिवासी समाज की संस्कृति को बचाने के लिए आगे आए। सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट में कहा है कि यहां के मालिक आदिवासी ही है।

आदिवासी समाज एक ऐसा समाज है जो किसी से भीख नहीं मांगता वे अपने अधिकारों को संघर्ष करके ही लेते है, कई आदिवासी भाई बिना किसी कारण के जेलों मे बंद है, इस बात को स्वयं देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने स्वीकारा है, हमें एकजुट होकर अपने हक अधिकारों के लिए लड़ना पड़ेगा।

कार्यक्रम में सर्व आदिवासी समाज के लोगों की संख्या को देखते हुए सुरक्षा के नजरिए से पुलिस प्रशासन को कडे इंतजाम करने पड़े इस कार्यक्रम मे संतोष पड़ोती अध्यक्ष नरोत्तम कुंजाम उपाध्यक्ष प्रवीण मंडावी,मदन नेताम, रमेश ऊइके, शेरसिंह गोडिया छूरिया अध्यक्ष, सुशीला नेताम (महिला जिला अध्यक्ष), ललिता कंवर (सदस्य जिला पंचायत), लेख राम मात्रा (जिला अध्यक्ष अजजा शासकीय सेवक संघ), भीसम ठाकुर अध्यक्ष, किशोर नेताम, मदन मंडावी, लादूराम तुमरेकी, मनोज नेताम, राधेश्याम सूर्यवंशी सहित बडी संख्या मे सर्व आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

## आदिवासी कला संस्कृति की रैली में झलक दिखी

शहर भ्रमण के दौरान सर्व आदिवासी लोगों ने अपनी संस्कृति की झलक प्रस्तुत की व साथ ही साथ पीले रंग के वेशभूषा व धोथी मे बड़ी संख्या में युवा नजर आए महिलाओं ने अपने बालो मे मोर पंख लगाया हुआ था तथा ढोल नगाड़ों के साथ आदिवासी नृत्य में थिरकते नजर आए।

## बौद्ध समाज सहित अन्य समुदाय के लोगों ने रैली का किया स्वागत

नगर भ्रमण के दौरान सर्व आदिवासी समाज का स्वागत शहर के चौक चौराहा पर धूमधाम से किया गया रेलवे चौक में सेवा भाव समिति द्वारा भव्य रूप से रैली का स्वागत किया गया व कचहरी चौक मे बौद्ध समाज द्वारा रैली का स्वागत किया गया एवं स्वलपाहार की व्यवस्था की गई थी, बौद्ध समाज सहित शहर के अन्य समुदायों द्वारा सर्व आदिवासी समाज को कार्यक्रम की बधाई दी गई।

# स्कूल में मना आदिवासी दिवस




अंबागढ़ चौकी (दावा)। एस्पायर डेवलपमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल अंबागढ़ चौकी में 09 अगस्त दिन शुक्रवार को आदिवासी दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। छात्रों द्वारा आदिवासी परंपरा अनुसार वेशभूषा पहन आदिवासी नृत्य कर आदिवासी दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में शाला संस्थापक गजेंद्र कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष नकुल राम सिन्हा, सचिव चंद्र रेखा जैनेन्द्र, शिक्षक मनोज सिन्हा शिक्षिकाएं आईसा परवीन, रश्मी चौरे, मीरा साहू, अंजलि डोंगरे, तोमेश्वरी सिन्हा, आयुषी, वार्ड पार्षद मुकेश सिन्हा, जुगल सिन्हा, जनक ठाकुर, भगवान सलामे, राजू निषाद, तरूण सरकार, मनोज कोसमा, तोहल निषाद, जितेन्द्र राजपूत, मुस्तकीम खान एवं पालकगण उपस्थित रहे।

# मिनीमाता की पुण्यतिथि पर विधायक हर्षिता ने किया माल्यार्पण



ठेलकाडीह (दावा)। हर्षिता स्वामी बघेल ने अपने उद्बोधन में ममतामई मिनीमाता की भूमिका को बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद मिनीमाता बहुआयामी व्यक्तित्व की धनी थी। अपने प्रखर नेतृत्व क्षमता की बदौलत राष्ट्रीय नेताओं के बीच उनकी अलग पहचान थी। दलित शोषित समाज ही नहीं सभी वर्गो ने उनके नेतृत्व को मान्य किया था। उन्होंने संसद में अस्पृश्यता निवारण अधिनियम पारित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मिनीमाता समाज हितैषी कार्यो की वजह से लोकप्रियता के शीर्ष पर पहुंची।

मिनीमाता ने समाज सुधार सहित सभी वर्गों की उन्नति और बेहतरी के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने जन सेवा को ही जीवन का उद्देश्य मानकर कार्य किया। उन्होंने नारी उत्थान, किसान, मजदूर, छूआ-छूत निवारण कानून, बाल विवाह, दहेज प्रथा, निःशक्त व अनाथों के लिए आश्रम, महिला शिक्षा और जनहित के अनेक फैसलों और समाज हितैषी कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मिनीमाता की राजनीतिक सक्रियता और समर्पण से पीड़ितों के अधिकार हेतु संसद में अनेक कानून बने। इस मौके पर पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, सरोजनी बंजारे, केजनाथ, समलिया, भीनसेन टंडन, असवनी टंडन, अनिल जांगड़े, राकेश, किशन, रूपराम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# महाकाल भक्तिः सिंगदई से सिंघोला तक उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब

राजनांदगांव (दावा)। उज्जैन महाकाल की तर्ज पर संस्कारधानी नगरी में बीते वर्षों से निकाली जा रही श्री चन्द्रमौलेश्वर बाबा महाकाल की पालकी यात्रा का धर्म प्रिय लोगों में अच्छा क्रेज बना हुआ है। सावन मास के पांच सोमवारों में से तीन सोमवार तक शहर के विभिन्न स्थानों से निकाली गई बाबा महाकाल यात्रा में भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। श्रावण मास के चौथे सोमवार को शहर के ग्रामीण वार्ड सिंगदई से श्री चन्द्रमौलेश्वर बाबा महाकाल की धूमधाम के साथ पालकी यात्रा निकाली गई।

0 पालकी यात्रा में तिरंगे के स्वरूप नजर आए बाबा महाकाल
0 राउत नाचा, आदिवासी नृत्य सहित राख की बौछार के बीच रौद्र नृत्य करते अघोरी रहे आकर्षण के केन्द्र..
0 मंदिर परिसरों में किया गया पौधरोपण





सिंगदई के मां शीतला दरबार में नीम का पौधारोपण व पूजन अर्चन पश्चात बाजे गाजे के साथ निकाली गई बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना कर पालकी को कांधा देने जिले के सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व सांसद अशोक शर्मा, खूबचंद पारख, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा, जिला भाजपाध्यक्ष रमेश पटेल, पूर्व भाजपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, किसान नेता कोमल सिंह राजपूत, अकरम कुरैशी, आलोक बिन्दल सहित बड़ी संख्या में जन-प्रतिनिधि व बाबा महाकाल के भक्त जन उपस्थित रहे। इस दौरान खैरागढ़, दुर्ग-बालोद, डोंगरगांव से भी भक्तजनों की उपस्थिति देखी गई। बलौदा बाजार से भी भक्तजन बाबा जी को जल अर्पित करने आए हुए थे।

### देशभक्ति का परिचय

इस बार बाबा महाकाल की पालकी यात्रा में देश भक्ति का परिचय देते हुए तिरंगा यात्रा का भी समावेश हुआ। चूंकि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस सामने है। इसलिए लोगों के मन में राष्ट्रीयता की भावना हिलोरे मार रही है। इसलिए बाबा महाकाल को तिरंगे के स्वरूप में सजाया गया था। पालकी यात्रा का नेतृत्व महाकाल सेवक पवन डागा, नीलू शर्मा व राजेश डागा, मानव देशमुख आदि कर रहे थे। बाबा महाकाल की पालकी का दर्शन करने सिंगदई से हल्दी, सिंघोला तक युवक युवतियों सहित हर उम्र के भक्तों का सैलाब रहा। लोग बाबा महाकाल का दर्शन कर तथा आरती- पूजन कर मानो कृत्य-कृत्य हुए जा रहे थे। सिंगदई वार्ड से बाजे-गाजे के साथ चली बाबाजी की पालकी को कांधा देने के लिए भक्तों का तांता रहा। इस दौरान झांझ मंजीरों की झनकार, डमरू की डम-डम आवाज व शंख निनाद से पूरा वातावरण शिवमय हो चला था। बाबा महाकाल की विशाल चित्ताकर्षक झांकी व उसके सामने राख की बौछार के बीच रौद्र नृत्य करते अघोरियों का भयानक दृश्य मानो शमशान का दृश्य रच रहा था। लोग इससे रोमांचित हो रहे थे। लोग भगवान के शिव के भूत- प्रेत गणों व अघोरियों के नृत्य सहित आदिवासी नृत्य, राउत नाचा आदि देखकर आनंदित हुए बिना नहीं रहे।

### बोल बम की रही गुंज

शहर के अंतिम छोर सिंगदई वार्ड से बाजे-गाजे के साथ निकली बाबा चन्द्र मौलेश्वर महाकाल की पालकी यात्रा को मोहारा, मोहड़ चौक, हल्दी होते हुए महाकाल मंदिर सिंघोला पहुंचने पश्चात विश्रांत किया गया। इस दौरान सिंगदई के ग्रामवासियों सहित हल्दी वार्ड के ग्रामीणजनों ने बाबा महाकाल की पालकी यात्रा की जगह-जगह रोक कर पूजा-अर्चना की वही स्टाल लगाकर बाबा महाकाल के यात्रियों का स्वल्पाहार आदि से

स्वागत किया गया। बता दें कि संस्कारधानी नगरी में हाकी-झांकी के बाद बाबा महाकाल की पालकी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी पालकी यात्रा में धार्मिक मान्यताओं के साथ पारम्परिक वेषभूषा में पालकी को कांधा देने वाले महाकाल भक्तजन लोगों के बीच विशेष छाप छोड़ रहे हैं। बाबा महाकाल की विशेष रूप से सजी पालकी पर पुष्प वर्षा व उसे छुकर आशीर्वाद ग्रहण करने के लिए लोगों का सैलाब उमड़ पड़ता है। पालकी यात्रा में सिंगदई से लेकर सिंघोला तक बोल बम का नारा व हर-हर महादेव के जयघोष वातावरण को गुंजायमान बनाए हुए थे। लोग शिव के प्रति श्रद्धा-भक्ति से भरे हुए नजर आए।

# राष्ट्रीय ध्वज के साथ निकली कांवड़ यात्रा राष्ट्रीय गीत से हुई संपन्न



सांसद संतोष पांडेय सहित संस्थाओं नगरवासियों ने की पुष्प वर्षा

राजनांदगांव (दावा)। श्री बागेश्वरधाम चौथी कांवड़ यात्रा देशभक्ति व शिवभक्ति से ओतप्रोत होकर निकली। आज की यात्रा तिरंगा राष्ट्रीय ध्वज के साथ आरंभ हुई। जिसके सफल संचालन की सेवा हेतु श्री बागेश्वर धाम सेवक, पंकज गुप्ता, राकेश ठाकुर, विजय गुप्ता, भावेश अग्रवाल, राजेश शर्मा, सौरभ खंडेलवाल, सूरज गुप्ता आदि अनवरत रूप से लगे रहे उन्होने बताया कि शिवनाथ नदी तट से ही राष्ट्रीयता की भावना के साथ कांवड़ यात्रियों के द्वारा कांवड़ व राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर बोल बम, भारत माता की जय, वंदे मातरम् हर-हर महादेव, बागेश्वर धाम की जय का जयघोष करते हुए निकली। कांवड़ यात्रियों के हाथ में कांवड़ के साथ-साथ तिरंगा की अलौकिक दृश्य देखते ही बनता था। जिसका नंदई चौक पहुंचने पर पुष्पवर्षा कर सांसद संतोष पांडेय द्वारा अभिनंदन किया गया, सांसद का श्री बागेश्वर धाम का गमछा पहनाकर श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा स्वागत किया गया। इसके पश्चात तिरंगा लिए कावड़ यात्रियों का बालरत्न सेवा मंच, शनिधाम परिवार, नवयुवक गणेश मंडल, सुमीत चौरसिया सी.ए. आदि अनेक संस्थाओं व नागरिकगणों द्वारा अवनरत रूप से कांवड़ यात्रा मार्ग में पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। कांवड़ यात्रा अपने निर्धारित मार्गो से होती हुई श्री बागेश्वर धाम मंदिर पहुँची, जहाँ पर कांवड़ के जल को चढ़ाने के पूर्व श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता सहित समस्त कांवड़ियों द्वारा राष्ट्रीय गीत जन-गन-मन का गान किया गया। व भारत देश भारतवासियों क कल्याण व विश्व में अग्रज बनने की कामना से भगवान बागेश्वर महोदव को जल अर्पण किया गया। तथा कांवड़ यात्रा को अंतिम सोमवार तक विराम दिया गया। उक्त जानकारी अजय गुप्ता ने दी।

# डाक कंवर यात्रा बर्फानी आश्रम पाताल भैरवी मंदिर पहुंची



राजनांदगांव (दावा)। जीवनदान सेवा संस्था के द्वारा सावन माह के चतुर्थी सोमवार को डाक कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया, जो प्रत्येक सोमवार को आयोजित किया जा रहा है। चतुर्थी सोमवार को आयोजित डाक कावड़ यात्रा को विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, गौरक्षा प्रमुख राजबहादुर सिंह ने सुबह 5:30 बजे पूजा अर्चना करके शुभारंभ किया एवं इस यात्रा में बच्चों ने भी बढ़-चढकर पुरे श्रद्धा भाव एवं जोश से हिस्सा लिया यह यात्रा बर्फानी धाम माँ पाताल भैरवी मंदिर जाकर पूर्ण श्रद्धा भाव से बाबा का अभिषेक किया गया। इस मौके पर माँ पाताल भैरवी मंदिर के प्रभु जी महाराज भी संस्था के साथ उपस्थित थे यह यात्रा सोमवार 19 अगस्त को शिवनाथ नदी मोहारा तट से सुबह 5:30 बजे प्रारंभ की जाएगी एवं सुकुल दैहान के आगे चंडी मंदिर मैं बाबा भोलेनाथ जी का अभिषेक किया जाएगा।

# भाजपा ने हर घर तिरंगा के साथ महापुरूषों की प्रतिमा स्थल पर सफाई अभियान का किया शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व भाजपा ने हर घर तिरंगा, एक पेड़ माँ के नाम जैसे रचनात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्यो के साथ महापुरूषों की प्रतिमा स्थल पर सफाई अभियान का भी शुभारंभ किया है। इसी परिपेक्ष्य में स्वच्छता अभियान पखवाड़ा के तहत शहर के वार्ड नं.03, मोतीपुर स्थित सुभाष क्लब में साफ-सफाई कार्यक्रम का आयोजन वार्ड पार्षद कमलेश बंधे एवं वार्डवासियों के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद राजनांदगॉव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। उनके साथ वार्ड के गणमान्य नागरिकगण पार्षद कमलेश बंधे, रंगू वर्मा, शत्रुहन वर्मा, रिभय यादव, रोहित यादव, शाहिद वर्मा, दिलीप वर्मा, चंदन वर्मा, दिनेश देवांगन, रविन्द्र ठाकुर, संतोष साहू, राहुल वर्मा, रामेश्वर वर्मा, बिट्टू वर्मा, रिन्कू वर्मा, बेशक वर्मा, भीखू साहू, अजीत देवांगन, भूपेन चेलक, रोशन महिलांगे, चिन्टू चेलक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व सांसद ने वार्डवासियों से अपने घरों, एवं मोहल्ला क्षेत्र में स्वच्छता बनाये रखने की अपील की और वार्डवासियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर स्वच्छता अभियान के तहत सुभाष क्लब में कचरा संग्रहण करना, झाड़ू लगाना एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा की साफ-सफाई के कार्य में सहभागिता प्रदान की। पूर्व सांसद मधुसूदन ने स्वंतत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा को दो-तीन बार साबुनपानी एवं जल से धोकर एवं स्वच्छ कपड़े से पोंछकर साफ किया। पश्चात् उन्होंने वार्डवासियों के साथ नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के साथ नमन करते हुए उनके द्वारा देश के लिये किये गये त्याग, समर्पण एवं उनके जीवन आदर्शो को याद किया।

## शहर भ्रमण ...



राजनांदगांव (दावा)। सावन के महान पर्व में श्री भोलेनाथ एवं पार्वती जी स्कूटी में शहर भ्रमण में निकले।

# बसंतपुर पुलिस ने जुआं खेलने वाले 6 लोगों को धरदबोचा



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर बसंतपुर एरिए में जुंआ खेलते आधा दर्जन लोगों को धर दबोचा है। क्षेत्र के वार्ड पार्षद चंपू गुप्ता के यहां से गिरफ्तार किए गए इन आरोपियों के पास से पुलिस ने ताश की बावन पत्ती सहित 10 लाख 5 हजार 550 रुपए की जब्ती की है।

बताया जाता है कि उक्त रेड कार्रवाई थाना बसंतपुर, कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम के द्वारा की गई। थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा पार्षद चंपू गुप्ता के घर से गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम उत्तम भोजवानी पिता स्व. सेवाराम भोजवानी उम्र 31 वर्ष निवासी इंदिरा नगर चौक, किशोर कुमार देवांगन पिता बुधराम देवांगन उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम मोहारा, प्रकाश देवांगन पिता व्यास नारायण देवांगन उम्र 32 वर्ष निवासी डोंगरगांव, लोकेश कुमार साहू पिता पाखनलाल साहू उम्र 35 वर्ष निवासी कुर्रा थाना गोबरा नवापारा जिला रायपुर व फिरोज मेमन पिता स्व. जमाल मेमन उम्र 48 साल निवासी लखोली वार्ड नं. 29 तथा कमलेश कुमार दोशी पिता मूलचंद दोशी उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम डोंडीलोहारा थाना डौंडी लोहारा जिला बालोद है।

बता दें कि अवैध रूप से जुआ, सट्टा पर अंकुश लगाने व आपराधिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही करने पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन के नेतृत्व एवं सायबर सेल व कोतवाली थाना की एक संयुक्त टीम गठित की गई।

○ ताश की गड्डी सहित 10 लाख से अधिक की रकम जब्त
○ पार्षद राजेश गुप्ता उर्फ चंपू गुप्ता के घर में लगी थी जुए की फड़

सोमवार 12 अगस्त को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि पार्षद राजेश गुप्ता उर्फ चंपू गुप्ता के द्वारा अपने घर में ताश की 52 पत्ती पर अवैध रूप से जुआं खिला रहा है। उक्त सूचना पर राजेश गुप्ता उर्फ चंपू गुप्ता के घर रेड कार्यवाही की गई। जहां पर 06 लोगों को ताश की 52 पत्ती पर रूपये पैसें की दांव लगाकर जुआं खेलते रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से ताश की 52 पत्ती, 10,05,500 रूपये नगदी एवं 05 मोबाईल जप्त किया गया बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

मौके पर से मकान स्वामी राजेश गुप्ता उर्फ चंपू एवं मोहम्मद इरफान उर्फ भुरू भाग गया। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन एवं सायबर प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, आरक्षक मनीष वर्मा, आरक्षक अवध साहू, आरक्षक अविनाश झा एवं थाना बसंतपुर से प्रधान आरक्षक एतनलाल साहू, महिला आरक्षक ललिता तुलावी, आरक्षक प्रवीण मेश्राम, आरक्षक मोहसिन खान, आरक्षक रामचरण सिन्हा एवं थाना कोतवाली से आरक्षक रंजीत चौरसिया, आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा की भूमिका सराहनीय रही।

# कल स्वतंत्रता दौड़ आयोजित

**नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील**

राजनांदगांव (दावा)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा कल 14 अगस्त को सुबह 7.30 बजे से जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान से प्रारंभ होगा। स्वतंत्रता दौड़ अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान से प्रारंभ होकर गौरव पथ रोड से वीआईपी रोड होते हुए भदौरिया चौक दिग्विजय स्टेडियम के सामने से वापस वीआईपी रोड होते हुए अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान में समाप्त होगी। स्वतंत्रता दौड़ में जनप्रतिनिधि, स्कूली विद्यार्थी, खिलाड़ी, खेल संघ के पदाधिकारी, शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। नगरवासियों से कल 14 अगस्त को सुबह 7.30 बजे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर स्वतंत्रता दौड़ को सफल बनाने की अपील की है।

## 108 पार्थिव शिवलिंग का हुआ रुद्राभिषेक



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के संस्कारधानी के जाने वाले सावन मास में प्रत्येक सोमवार को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भोले बाबा की भक्ति देखते ही बनती है। हर सोमवार को खास तौर पर शिव मंदिर में भगवान शंकर की विशेष पूजा आराधना की जाती है। ऐसी एक पूजा शहर के वीआईपी क्षेत्र वर्धमान नगर वार्ड में 19 स्थित 18 एकड़ पुलिस लाइन के शिव दुर्गा मंदिर में हुई। आज 108 पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक एवं पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। जिसमें 18 एकड़ पुलिस लाइन की सभी माताओं बहने बड़ी संख्या में सम्मिलित हुई।

# कांग्रेस के संविधान यात्रा कल से - भागवत साहू



राजनांदगांव (दावा)। वैष्णव जन तो तेढे कहिए, पीर पराई जाने रे महात्मा गांधी के इस भजन के साथ 14 अगस्त को जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में पार्टी की संविधान यात्रा निकलेगी यह यात्रा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में संविधान की रक्षा की प्रतिज्ञा करते हुए प्रभात फेरी के साथ निकाली जाएगी यात्रा में पार्टी के विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, प्रदेश, जिला, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी एवं सभी विभाग पदाधिकारीगण हाथों में राष्ट्रध्वज और महात्मा गांधी के छायाचित्र लिए हुए चलेंगे।

**महात्मा गांधी के प्रिय भजन के साथ भागवत साहू के नेतृत्व में निकलेगी यात्रा**

श्री साहू ने बताया कि यह यात्रा विशाल होगी जिसमें पार्टी के सभी स्तर नेता पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। जिला कांग्रेस द्वारा जिला पदाधिकारीयों को ब्लॉक प्रभारी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा देश की आजादी की 77वीं वर्षगांठ के पूर्व 14 अगस्त 2024 को प्रदेश के सभी वार्डो/बुथ में संविधान-यात्रा निकाले जाने का निर्णय लिया गया है। यात्रा के दौरान देश की संविधान की रक्षा की प्रतिज्ञा करते हुए प्रभात फेरियां निकाली जायेगी। यात्रा में तिरंगा ध्वज के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की छायाचित्र और प्रिय भजन- वैष्णव जन के साथ वार्ड भ्रमण किया जाना है। स्थानीय प्रदेश पदाधिकारियों, वरिष्ठ कांग्रेसजनों, सांसद/पूर्व सांसद प्रत्याशी, विधायक/पूर्व प्रत्याशी/पूर्व विधायकों, एआईसीसी एवं पीसीसी सदस्यों, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष/पदाधिकारियों, मोर्चा संगठन/प्रकोष्ठ/विभाग के जिला/ब्लाक पदाधिकारियों, सोशल मीडिया के प्रशिक्षित सदस्यों, नगरीय निकाय/ त्रि-स्तरीय पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, सहकारिता क्षेत्र के पदाधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए उपरोक्तानुसार कल 14 अगस्त को संविधान-यात्रा कार्यक्रम होंगे।

# जिला चिकित्सालय में पर्याप्त आवेदन नहीं आने से सफाई-सुरक्षा टेण्डर निरस्त

राजनांदगांव (दावा)। जिला चिकित्सालय बसंतपुर में पिछले महिने हास्पिटल के लिए सफाई-सुरक्षा, भोजन व्यवस्था के लिए निविदा आमंत्रित किया गया था। लेकिन पर्याप्त संया में आवेदन नहीं आने पर टेण्डर को निरस्त कर दिया गया है।

बता दे कि जिला चिकित्सालय के उक्त तीनों ही व्यवस्था के लिए गत दिनों ज्वाइंट कलेक्टर खेमलाल वर्मा की मौजुदगी में टेण्डर ओपर करने की तैयारी थी पर पर्याप्त संख्या में टेण्डर के लिए आवेदन नहीं आने से टेण्डर प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई और आगामी दिनों के लिए टैण्डर प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया है। जानने में आ रहा है कि 10-15 दिनों बाद फिर से इच्छुक लोगों का आवेदन आमंत्रित किया जाएगा।

### 0 मेंटास को मिला एक्सटेंशन

बता दे कि जिला चिकित्सालय व मेडिकल कालेज हास्पिटल की सुरक्षा सफाई व्यवस्था का कार्य रायपुर की मेंटास कम्पनी के माध्यम से सुपरवाइजरों द्वारा किया जा रहा है। जिला चिकित्सालय में इस बार स्थानीय लोगों को टेण्डर में वरियता दिए जाने की बात सामने आई थी लेकिन घुम-फिर कर बाहर के ही लोगों को टेण्डर दे दिया जा रहा है। मेडिकल कालेज हास्पिटल में रायपुर की मेंटास कम्पनी को फिर से ठेका दे दिया गया है। मेडिकल कालेज हास्पिटल के अधीक्षक डॉ. प्रदीप बैक ने बताया कि मेटास को एक्सटेंशन दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय व मेडिकल कालेज हास्पिटल की व्यवस्था अलग-अलग है। फिलहाल एक्सटेंशन मिलने से मेडिकल कालेज हास्पिटल में सुरक्षा सफाई व अन्य कार्यो के लिए मेटास कम्पनी का ही ठेका रहेगा। रि- टेंडर की होगी प्रक्रिया।

**0 मेडिकल कालेज हास्पिटल मेंटास को मिला एक्सटेंशन**
**○ स्थानीय लोगों के आवेदन को वरीयता नहीं, बेरोजगार लोगों ने भरे है आवेदन**

बताया जाता है कि जिला चिकित्सालय में सफाई व्यवस्था के लिए तीन फर्मो ने आवेदन किया था जिसमें से एक का आवेदन निरस्त हो गया। वही सफाई के लिए सिर्फ दो फर्म ने ही रूचि दिखाई थी। इन दोनों टेंडरों के लिए दो से अधिक फर्म नहीं होने की स्थिति में टैण्डर स्वतः को स्वतः ही निरस्त कर दिया गया। बताया जा रहा है कि पखवाड़े भर बाद इसके लिए रि-टेण्डर की प्रक्रिया की जाएगी। वही भोजन व्यवस्था के लिए इस बार सात फर्मों ने आवेदन किए थे। मापदंड में खरा उतरते हुए जो पहले नम्बर पर था, उसके दस्तावेज को लेकर अन्य फर्मों द्वारा आपत्ति किए जाने से टेण्डर की प्रक्रिया ही अटक गई। बताया जाता है कि भोजन टैण्डर से सम्बंधित फर्म को शासन द्वारा निर्धारित दस्तावेजों के साथ कार्य अनुभव की भी मांग की गई है। इसी तरह सफाई ठेके वाले फर्म को ओटी के मल-मूत्र, रक्त व मानव अंग अवशेष की समुचित सफाई का अनुभव होना आवश्यक माना गया है। इसके अनुभवी फर्म को ही पूरी जांच-परख कर ठेका दिया जाएगा।

### 0 किचन का किराया 25 हजार

बता दे कि जीवनदीप समिति में न्यूनतम 25 हजार रूपए कीचन का किराया हर महिने देना होता है। इस राशि से जो फर्म अधिक देगा उसकी प्राथमिकता होगी। बताया जाता है कि हास्पीटल में एडमिट सामान्य मरीजों के लिए भोजन ठेका चलाने वाले फर्म को 150 रूपए प्रति मरीज दिया जाता है। वही प्रसूताओं के लिए प्रति महिला 250 रूपए दिया जाता है। जिसमें दो टाईम का भोजन में दाल-चांवल-रोटी के अलावा पापड़, सलाद, आचार के साथ एक आईटम मीठा और मौसमी फल देना होता है। वही सुबह-शाम के नाश्ते में चाय-दूध-बिस्किट, ब्रेड, पोहा, दलिय, उपमा आदि कुछ भी परोसा जा सकता है। बहरहाल भोजन ठेका भी उपयुक्त अर्हता पूरी नही करने व दस्तावेज सही नहीं होने के चलते यह भी ठेका अटक गया है।

> मेटास कम्पनी को एक्सटेंशन दे दिया गया है।
> **डॉ. प्रदीप बैक अधीक्षक मेडिकल कालेज हास्पिटल, पेंड्री**

> भोजन टेण्डर के लिए आपत्ति लगा दिए जाने से दस्तावेज जांच जारी है। सफाई एवं सुरक्षा के लिए पर्याप्त आवेदन नहीं आने से टेण्डर प्रक्रिया अटक गई है जिसे पुनः जारी किया जाएगा।
> **डॉ. यू.के. चन्द्रवंशी सिविल सर्जन, जिला चिकित्सालय बसंतपुर**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com